• जयपुर, शुक्रवार, 30 अगस्त 24 •वर्ष 14 • अंक 15 •पृष्ठ : 8 •मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 नगर निगम ग्रेटर द्वारा अवैध मीट की थड़ियों पर की गयी बड़ी कार्यवाही...
पेज @4 आदर्श नगर कांग्रेस विधायक एवं कांग्रेस दल के चीफ व्हिप रफीक खान...
पेज @8 राजस्थान में नवाचार से आकर्षित होंगे देशी-विदेशी पर्यटक : दिया कुमारी....

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दो दिवसीय पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' का किया शुभारंभ

## नशे की खेप से भरा ट्रक सात जिलों को पार कर वहां तक पहुंचता कैसे है: भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजधानी जयपुर में राज्य के पुलिस अधिकारियों के दो दिन के सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए पुलिस के कामकाज से जुड़े मुद्दों पर अपना पक्ष रखा और सुझाव दिए. मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि दो दिनों की कार्यशाला में अपराध नियंत्रण से संबंधित सभी गंभीर मुद्दों पर चर्चा होगी. उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में अपराध की स्थिति बदल गई है, और बदलती हुई परिस्थिति में पुलिस को भी बदलना होगा.

उन्होंने कहा कि राजस्थान में धार्मिक कट्टरता, साइबर क्राइम, संगठित अपराध जैसे मामले सामने आते हैं, और इनको लेकर तैयारी करनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा,₹पुलिस को अपना लक्ष्य तय करना होगा और सोचना होगा कि जो लक्ष्य हमें तय करना है उसके लिए हमें हमारी पुलिस को ठीक करना होगा.और मैं उम्मीद करता हूं कि दो दिनों की कार्यशाला में सभी गंभीर मुद्दों पर चर्चा होगी.








### साइबर क्राइम में कमी के लिए कड़ी सजा जरूरी

साइबर क्राइम को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर क्राइम की स्थिति पूरे देश में बढ़ती जा रही है, और इसके लिए एक अभियान चलाया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम में कमी तभी आएगी जब इसके लिए कड़ी सजा मिलने लगेगी. मुख्यमंत्री ने कहा,₹साइबर क्राइम जैसे मामलों में पुलिस की ओर से हर जगह लिखा हुआ है कि नकल करने वालों से सावधान रहें, मगर उसके बावजूद लोग शिकार हो जाते हैं, क्योंकि लोग लालच में आकर ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं. इसलिए वह भी उतने ही जिम्मेदार होते हैं जितना कि ठगी करने वाले.दोनों ही लोग इस मामले में दोषी हो रहे हैं,
इसलिए सस्ते में माल खरीदने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए.
मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि साइबर क्राइम का सामना करने के लिए पुलिस और प्रशासन को अपने आप को मजबूत करना होगा और साधन संसाधनों से संपन्न होना होगा, और सरकार ₹नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से साइबर क्राइम जैसे अपराधों पर लगाम लगाएगी.

### नशे की खेप कैसे पहुंच जाती है जिलों से पार :

उन्होंने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बड़ा ताज्जुब होता है जब पंजाब से नशे की खेप भरकर निकला ट्रक गुजरात की सीमा पर कहीं पकड़ा जाता है. रास्ते में सात जिलों को पार कर आखिर ट्रक वहां तक पहुंचता कैसे है. कहीं न कहीं कोई न कोई इसमें दोषी है. हमें इस पर विचार करना चाहिए. यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है. कभी-कभी हमारे समाज के लिए दिक्कतें भी होती है. जब हम इस बात को भूल जाते हैं कि हम पुलिस के अधिकारी हैं.

### पुलिस में नई भर्तियां करने का भरोसा

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में पुलिस अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश की 8 करोड़ जनता को उनसे बहुत उम्मीदें हैं. उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पुलिस में नई भर्तियां करने का भरोसा दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा,₹मैंने डीजी साहब से कहा कि जो पुलिस के अधिकारी और जवान अच्छा कार्य करते हैं तो उनका सम्मान होना चाहिए और इनाम मिलना चाहिए. और यदि कोई गलत काम करके पुलिस के परिवार को बदनाम कर रहा है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने जनता से वादा लिए पुलिस और प्रशासन को अपने आप को मजबूत करना होगा और साधन संसाधनों से संपन्न होना होगा, और सरकार ₹नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से साइबर क्राइम जैसे अपराधों पर लगाम लगाएगी. मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में पुलिस अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश की 8 करोड़ जनता को उनसे बहुत उम्मीदें हैं. उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पुलिस में नई भर्तियां करने का भरोसा दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा,₹मैंने डीजी साहब से कहा कि जो पुलिस के अधिकारी और जवान अच्छा कार्य करते हैं तो उनका सम्मान होना चाहिए और इनाम मिलना चाहिए. और यदि कोई गलत काम करके पुलिस के परिवार को बदनाम कर रहा है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने जनता से वादा किया था कि हम राजस्थान को अपराध मुक्त करेंगे, और इसलिए प्रदेश में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स बनाई गई, और एसआईटी का गठन किया गया जिसके बहुत अच्छे नतीजे सामने आए.
जयपुर में दो दिन के सम्मेलन का नाम 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस - द वे फॉरवर्ड'है. यह सम्मेलन जयपुर में इसी साल जनवरी में हुए राष्ट्रीय स्तर के एक सम्मेलन की तर्ज पर करवाया जा रहा है. जनवरी में जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में डीजीपी-आईजी स्तर का सम्मेलन हुआ था.

# जम्मू-कश्मीर में सेना की बड़ी कार्रवाई, मुठभेड़ में मार गिराए तीन आतंकी, घुसपैठ की कर रहे थे कोशिश

जम्मू/एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के रजौरी जिले के बुधल में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार सेना ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। इनमें से 2 राजौरी में और एक कुपवाड़ा में बॉर्डर के पास मारा गया। अभी इनके शव बरामद नहीं हुए हैं। ये खराब मौसम का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।
अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि खेरी मोहरा लाठी गांव और दंथल इलाके में सुरक्षा बलों ने बुधवार रात को तलाशी अभियान शुरू किया था। पुलिस ने कहा, तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने खेरी मोहरा इलाके के



पास सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई।
पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई मुठभेड़ हुई हैं, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के जवान भी हताहत हुए हैं।
पुंछ और राजौरी जिलों तक सीमित आतंकवादी गतिविधियां अब जम्मू के अन्य क्षेत्रों में फैल रही हैं, ऐसे क्षेत्र जो कुछ साल पहले तक इस तरह की घटनाओं से मुक्त थे जैसे कि चिनाब घाटी, जिसे आतंकवाद मुक्त घोषित किया गया था। उधमपुर और कठुआ को भी आतंकवाद मुक्त घोषित किया गया था। आतंकवादी वाहनों पर घात लगाकर हमला कर रहे हैं और ग्रेनेड के साथ-साथ एम4 असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# भड़की ममता बनर्जी, बोली- अगर बंगाल जला तो यूपी, बिहार, असम भी जलेंगे, पीएम मोदी की गिरेगी कुर्सी

नई दिल्ली/एजेंसी।

पश्चिम बंगाल में लेडी-डॉक्टर की हत्या के मामले में बढ़ते तनाव के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि याद रखें अगर बंगाल जला तो असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे और पीएम की कुर्सी गिर जाएगी।। सीएम के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिी लिखी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राष्ट्र विरोधी टिप्पणियां किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की आवाज नहीं है।
इसके जवाब में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि आपकी असम



को डराने की हिम्मत कैसे हुई? ममता ने कोलकाता की एक रैली में कहा था कि कुछ लोगों को लगता है कि यह बांग्लादेश है। मुझे बांग्लादेश से प्यार है। वे हमारी तरह बात करते हैं और हमारी संस्कृति भी एक जैसी है। लेकिन, याद रखिए कि बांग्लादेश अलग देश है और भारत अलग देश है। मोदी बाबू कोलकाता के रेप-मर्डर केस में अपनी पार्टी का इस्तेमाल करके बंगाल में आग लगवा रहे हैं। अगर आपने बंगाल को जलाया तो असम, नॉर्थ-ईस्ट, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। हम आपकी कुर्सी गिरा देंगे।
ममता के इस बयान को लेकर सरमा ने ङ्ग पर पोस्ट में कहा कि दीदी, आपकी हिम्मत कैसे हुई असम को धमकाने की? हमें लाल आंखें मत दिखाइए। आपकी असफलता की राजनीति से भारत को जलाने की कोशिश भी मत कीजिए। आपको विभाजनकारी भाषा बोलना शोभा नहीं देता।

**सैन्य शक्ति** बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी अरिघाट नौसेना के बेड़े में शामिल, और बढ़ेगी सामरिक क्षमता

# भारतीय नौसेना को मिली दूसरी परमाणु पनडुब्बी 'अरिघाट'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** परमाणु ऊर्जा से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट गुरुवार को भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो गई। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन के तेजी से बढ़ते कदमों के बीच परमाणु मिसाइलों से लैस पनडुब्बी के मिलने से नौसेना की समुद्री सामरिक क्षमता और मजबूत होगी। साथ ही भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी।

पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट को विशाखापट्टनम के जहाज निर्माण केंद्र पर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है। नौसेना को 6,000 टन की परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट मिलने के बाद भारत अब रणनीतिक प्रतिरोध के लिए हिंद



● भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी
● हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा भारत

महासागर क्षेत्र में चीन की ओर से बढ़ रही चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा। अरिहंत श्रेणी की भारत में निर्मित की गई यह दूसरी पनडुब्बी है। व्यापक परीक्षणों के बाद औपचारिक कमीशनिंग के लिए पूरी तरह से तैयार पनडुब्बी में विस्तारित अवधि में उन्नयन के साथ कुछ तकनीकी मुद्दों को सुलझाया गया था।

### अरिहंत से अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता

भारत की पहली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत को 9 साल के व्यापक परीक्षण के बाद अगस्त, 2016 में समुद्र में उतारा गया था। दो साल के परीक्षण के बाद 2018 में यह पूरी तरह से चालू हो गई थी। आईएनएस अरिघाट की लांचिंग लगभग पांच साल के लम्बे इन्तजार के बाद 2017 में हो पाई। इस पनडुब्बी को मूल रूप से आईएनएस अरिदमन के नाम से जाना जाता था लेकिन इसके लॉन्च होने पर इसे आईएनएस अरिघाट नाम दिया गया था। यह पनडुब्बी सात साल तक व्यापक परीक्षण से गुजरी है। आईएनएस अरिहंत के मुकाबले आईएनएस अरिघाट में मिसाइलों की संख्या दोगुनी होगी, जिससे भारत को 'पानी के युद्ध' में और अधिक मिसाइलें ले जाने की क्षमता मिल जाएगी।

### समुद्र की गहराई में 44 किमी/घंटा की रफ्तार

अरिहंत श्रेणी की दूसरी मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिघाट के ब्लेड प्रोपेलर जल रिएक्टर से संचालित होंगे। यह पनडुब्बी पानी की सतह पर 12-15 समुद्री मील (22-28 किमी/घंटा) की अधिकतम गति से चल सकती है और समुद्र की गहराई में 24 समुद्री मील (44 किमी/घंटा) की गति प्राप्त कर सकती है। इस पनडुब्बी के कूबड़ पर आठ लांच ट्यूब होंगे। यह 750 किमी. रेंज वाली 24के-15 सागरिका मिसाइलों या 3,500 किमी. की रेंज वाली 8के-4 मिसाइल तक ले जा सकती है। अरिहंत श्रेणी की परमाणु-शक्ति वाली इन पनडुब्बियों को 2.9 बिलियन डॉलर के उन्नत टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) प्रोजेक्ट के तहत डिजाइन और निर्मित किया जा रहा है।

# बंगाल की किम जोंग उन हैं ममता बनर्जी, विपक्ष को बर्दाश्त नहीं करतीं : गिरिराज सिंह

**पटना/एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गुरुवार को जोरदार हमला बोला। गिरिराज सिंह ने ममता की तुलना नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन से की। उन्होंने कहा कि जिस तरह किम जोंग विपक्ष को बर्दाश्त नहीं करते, ठीक इसी प्रकार बंगाल में ममता विपक्ष को बर्दाश्त नहीं करती हैं। ट्रेनी डॉक्टर संग हुई ज्यादती के मुद्दे पर बंगाल सरकार को घेरते हुए आगे कहा, आज वो लोग जो बंगाल की बेटी के साथ हुए बलात्कार पर बंगाल में नहीं दिखाई देते हैं। लेकिन, वो टुकड़े-टुकड़े गैंग ममता बनर्जी के साथ दिखाई देता है। बंगाल में ममता बनर्जी हार चुकी हैं और अपनी लोकप्रियता खो चुकी हैं। इसलिए वह असैंवाधिक बातें बोल रही हैं। संघीय ढांचे को तोड़ रही हैं। उनके समर्थन में राहुल गांधी और लालू यादव खड़े हैं। गिरिराज सिंह ने ममता बनर्जी की भाषा पर आपत्ति जताई। कहा कि उन्होंने जिस तरह से बयान दिया है,यह जुबान लोकत्रांतिक व्यक्ति की नहीं हो सकती है। चूंकि, वह मुख्यमंत्री हैं, उनका बर्ताव नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन जैसा ही है। जैसे वह अपने विपक्ष को पसंद नहीं करते, वैसे ही ममता भी विपक्ष को पसंद नहीं करती हैं।

# मार्केटिंग फोन कॉल्स जीवन में करें बवाल

ये बात सही है कि लोगों की जिंदगी में स्मार्टफोन क्या आया जैसे उनका संसार ही बदल गया। बहुत से लोग ऐसे हैं जिनके लिए ये सिर्फ फोन नहीं, उससे बढ़कर है। स्मार्टफोन से आप ना सिर्फ किसी से बात कर सकते हैं बल्कि इंटरनेट के संसार को उंगलियों में नचा सकते हैं। लेकिन तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है और वो ये है कि फोन में आने वाली अनचाही या अनजानी कॉल्स। जो वक्त बेवक्त कभी भी आकर आपको परेशान कर सकती हैं और आप चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते। आप फोन उठाने से पहले इतना भी नहीं जान पाते कि आपको ये फोन कॉल कौन कर रहा है। वक्त-बेवक्त मोबाइल फोन पर आने वाले अनचाहे कॉल्स सभी के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

टेलीमार्केटिंग यानी कॉल्स के जरिये सामान, बैंक लोन, क्रेडिट कार्ड समेत अन्य उत्पाद खरीदने के लिए लोगों को दिन में कई बार किए जाने वाले कॉल्स से मध्य प्रदेश के बाशिंदे भी जूझ रहे हैं। अधिकतर मोबाइल फोन उपभोक्ता तो इन नंबरों को ब्लॉक कर देते हैं, पर टेलीमार्केटिंग कंपनियां अन्य नंबरों से फोन करती हैं। मोबाइल फोन पर अनचाही कॉल से परेशान लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं ने डू नॉट कॉल में अपने फोन का नंबर रजिस्टर कराया है। अगर उनके फोन पर कोई कॉल आती है तो उस कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तमाम कंपनियां अपने प्रोडक्ट के लिए जब चाहे कॉल करके लोगों को परेशान करती रहती हैं। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मसले पर सरकार को कड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने मोबाइल फोन नंबर को डू नॉट काल में रजिस्टर कराया है। उनके फोन पर कोई भी अनचाही कॉल नहीं आनी चाहिए। इसके साथ ही उन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने को भी कहा है जो टेलीसर्विस करती हैं। लेकिन उन्होंने संचार मंत्रालय में इसके लिए अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है।

अनचाही कॉल्स और मैसेज से परेशान लोग इन पर रोक लगने की उम्मीद को एक बार फिर अपने भीतर जिंदा कर सकते हैं। दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने इसे लेकर नए नियम बनाए हैं, जिनके मुताबिक किसी भी व्यावसायिक, टेलिमार्केटिंग या उनके लिए काम करने वाली कंपनी को कॉल या संदेश भेजने से पहले उपभोक्ता की मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। टेलीफोन रेगुलेटरी ऑफ इंडिया (ट्राई) की सख्ती के बाद भी लोगों के मोबाइल पर अनचाहे कॉल और एसएमएस धड़ल्ले से आ रहे हैं। ट्राई ने डू नॉट डिस्टर्ब (डीएनडी) सुविधा की शुरुआत 27 सितंबर 2011 से की थी। इसका उद्देश्य लोगों को अनचाहे कॉल और मैसेज से राहत दिलाना था। इसके बाद भी उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल रही है। इस सेवा के तहत लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसके बाद भी कॉल कर उपभोक्ताओं को डिस्टर्ब करने का सिलसिला जारी है। टेलीकॉम अधिकारियों के अनुसार, सेवा शुरू होने से लोगों को थोड़ी राहत अवश्य मिली है। रजिस्ट्रेशन के बाद भी अनचाहे कॉल आ रहे हैं, तो इसकी शिकायत ट्राई से की जा सकती है। इसके बाद ट्राई मोबाइल कंपनियों से जुर्माना वसूल कर उसे ब्लैक लिस्ट कर सकती है। उपभोक्ताओं को अनचाहे कॉल या मैसेज आने की शिकायत हो, तो वे इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। आप अपने सेल फोन पर आने वाली अनचाही कॉल्स से परेशान हैं तो यह खबर आपको थोड़ा सुकून देगी।

अंत्येष्टि कार्यक्रम के दौरान एक शख्स के पास लोन का कॉल पहुंचा, उपभोक्ता अदालत ने कंपनी और कॉलर को पीड़ितों को मुआवजा देने का फैसला सुनाया। वडोदरा के उपभोक्ता फोरम ने टेलीकॉलर कंपनी आई-क्यूब और कॉलर कन्हैयालाल ठक्कर को अनचाही कॉल कर ग्राहक को परेशान करने की एवज में 20,000 रुपये मुआवजा अदा करने का फैसला सुनाया है। कॉलर सिटी बैंक का क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन बेच रहा था। जब कॉलर फोन के जरिए लोन की पेशकश कर रहा था तब शिकायतकर्ता अपने रिश्तेदार की अंत्येष्टि में व्यस्त था। कोर्ट के इस फैसले के मुताबिक, कंपनी और कॉलर, दोनों को 10-10 हजार रुपये का मुआवजा देना होगा। इतना ही नहीं, आई-क्यूब और वोडाफोन एस्सार गुजरात लिमिटेड को कन्ज्यूमर वेलफेयर फंड को 10,000 रुपयों की पेमेंट करने के लिए भी कहा गया क्योंकि शिकायतकर्ता ने टेलीकॉलर कंपनी के साथ उनका नाम, नंबर और व्यक्तिगत जानकारी शेयर करने का भी आरोप लगाया था, जो उनकी निजता का हनन है। मामला साल 2007 का है। सुनवाई के बाद कन्ज्यूमर कोर्ट ने आई-क्यूब और कॉलर ठक्कर को दोषी पाते हुए मुआवजे का फैसला सुनाया। मोबाइल फोन यूजर्स की एक बड़ी समस्या होती है अनचाहे और बेवक्त पर आए कॉल्स। ये कॉल कभी भी बिना अनुमति के आ जाते हैं। कभी आप जरूरी मीटिंग में हो, आराम कर रहे हो या फिर ड्राइविंग कर रहे हों। यह कॉल आपको परेशान कर देते हैं। वहीं नियमित अंतराल पर आने वाले यह कॉल खीझ भी पैदा करते हैं। कभी-कभार तो ट्रूकालर से आपको इस बारे में जानकारी मिल जाती है कि यह टेलीमार्केटिंग कॉल है लेकिन कभी यह बात पता नहीं चल पाती है।

ऐसे में इन कॉल से छुटकारा पाने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि इन्हें ब्लॉक करें। साथ ही डू नॉट डिस्टर्ब ऑप्शन का इस्तेमाल करें। भारतीय अदालतों और भारतीय रिजर्व बैंक ने टेलीमार्केटिंग कंपनियों को विज्ञापन, मार्केटिंग और उत्पादों की सीधी बिक्री विशेष रूप से क्रेडिट कार्ड और बैंक ऋण के लिए अवांछित कॉल करके व्यक्तियों की गोपनीयता पर आक्रमण करने से प्रतिबंधित कर दिया है। हालांकि, ये प्रतिबंध भारत में टेलीमार्केटिंग को समाप्त नहीं करेंगे क्योंकि कंपनियां संभावित ग्राहकों के साथ भी संचार करना जारी रखती हैं। संशोधित बैंकिंग लोकपाल योजना के तहत, एक पीड़ित ग्राहक क्रेडिट कार्ड पर आरबीआई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए बैंक/एनबीएफसी के खिलाफ संबंधित लोकपाल के पास शिकायत दर्ज कर सकता है। सरकार को टेलीमार्केटिंग को विनियमित करने के लिए एक कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों और उपभोक्ता अदालत के फैसले की भावना को पूरा करने की आवश्यकता है ताकि टेलीमार्केटर्स व्यक्तिगत गोपनीयता पर आक्रमण किए बिना और भारत के संविधान में निहित नागरिकों के मौलिक अधिकारों को प्रभावित किए बिना अपना व्यवसाय संचालित करें।

# देश में विद्यार्थियों की आत्महत्या की दर चिंता का विषय



डॉ. निवेदिता शर्मा



आधुनिक समय जैसे-जैसे विकास की अपार संभावनाओं के बीच सतत ऊंचाइयों को छू रहा है। मानवीय समाज में सफलता का दबाव इस कदर हावी होता जा रहा है कि थोड़ी सी असफलता भी कोई स्वीकार्य नहीं करना चाह रहा, जिसके कि परिणाम बहुत भयावह रूप से सामने आ रहे हैं। इसमें दुखद यह है कि बच्चे अपना धैर्य खोते जा रहे हैं और अपने बीच समस्याओं के समाधान के लिए जब वे किसी को नहीं पाते तो आत्महत्या जैसा अनुचित कदम उठा लेते हैं। किंतु अपनी जीवन लीला समाप्ति के बाद ऐसे बच्चे अपने अभिभावकों के लिए बहुत बड़ा दर्द पीछे छोड़ जाते हैं, जिसे वे जीते जी, जीवन भर अनुभव करते हैं। इससे जुड़े जो आंकड़े हाल ही में सामने आए हैं आज वे बहुत चिंता पैदा कर रहे हैं। क्योंकि भारत में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं समग्र आत्महत्या प्रवृत्तियों की दर से भी अधिक हो गई है। पिछले दशक में छात्र आत्महत्याओं में 50 और छात्राओं में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले पांच वर्षों में दोनों में औसतन 5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के आधार पर, छात्र आत्महत्या भरत में फैलती महामारी रिपोर्ट वार्षिक आईसी-3 सम्मेलन में जारी की गई है जो हमारे सभ्य समाज को आज बहुत कुछ विचार करने के लिए विवश कर रही है। देश में आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है, जिसमें कि विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसी-3 इंस्टीट्यूट की ओर से संकलित यह रिपोर्ट बता रही है कि वर्ष 2022 में कुल छात्र आत्महत्या के मामलों में 53 प्रतिशत पुरुष छात्रों ने खुदकुशी की थी, जबकि इससे पहले के वर्ष में छात्राओं की आत्महत्या में सात प्रतिशत की वृद्धि दिखी। जिसमें कि सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थित राज्यवार मुख्य पांच राज्यों को देखें तो महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड की है। इन प्रदेशों में छात्र सबसे अधिक आत्महत्या कर रहे हैं। यानी कि जो आंकड़ा निकलकर सामने आया है, वह देश में होने वाली कुल आत्महत्याओं का एक तिहाई है, कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों से जुड़ा राजस्थान इस सूची में दसवें स्थान पर है। महाराष्ट्र में 2022 के दौरान 1,764, तमिलनाड़ में 1,416, मध्य प्रदेश में 1,340, उत्तर प्रदेश में 1,060 और झारखण्ड में 824 विद्यार्थियों ने अपनी जीवनलीला समाप्त की है।

वास्तव में एनसीआरबी के आंकड़े पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी रिपोर्ट (एफआईआर) पर आधारित है। जो हमें सभ्य समाज के बीच बहुत कुछ सोचने पर विवश कर रही है। क्या हमारे इस सभ्य समाज में आत्महत्या के लिए कोई जगह होनी चाहिए? यदि नहीं तो यह आत्महत्याएं क्यों हो रही हैं? इसका अर्थ हुआ कि हम अपने बच्चों में जीवन की सकारात्मकता के प्रति विश्वास पैदा नहीं कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने इसलिए ही परीक्षा पर चर्चा की शुरुआत की है, ताकि बच्चे उसके प्रति सहज हों और उससे बिल्कुल भी घबनाएं नहीं। अभिभावकों को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को सहनशील बनाने एवं धैर्य धारण करने की दिशा में भी प्रशिक्षित करें।

इसके साथ ही हमें अपने बच्चों का परिचय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) और राज्य बाल संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) से अवश्य करवाना चाहिए। जो कार्य राष्ट्रीय स्तर पर एनसीपीसीआर का है, वही राज्य स्तर पर एससीपीसीआर करता है। आयोग के लिए, शुन्य से लेकर अट्ठारह वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों की सुरक्षा समान महत्व रखता है। आयोग का अपने गठन के पहले दिन से ही यह मानना रहा है कि बाल अधिकार के संरक्षण के हित में एक बड़े वातावरण का निर्माण होना आवश्यक है। अतः इसके लिए जो भी कदम हो सकते हैं, वे सभी बच्चों के हित केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए। आयोग के लिए, सभी बच्चों के अधिकार समान महत्व के हैं। देशभर में केंद्र व राज्य बाल आयोग संसद के अधिनियम (दिसम्बर 2005) के तहत एक सांवैधानिक निकाय के रूप में आज कार्य कर रहे हैं। इस अधिनियम में आयोग के कार्य ही हैं, बाल अधिकारों की सुरक्षा की जांच तथा समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियांवयन के लिए उपाय की अनुशंसा करना। वस्तुतः इसके लिए आयोग को संसद से अपार शक्तियां भी दी गई हैं। किसी मामले की जांच करने के दौरान आयोग के पास कोड ऑफ सिविल प्रॉसीजर 1908 के तहत विशेषकर निम्न मामलों में व्यवहार न्यायालय द्वारा कार्यवाही करने के सभी अधिकार दिए गए हैं। एससीपीसीआर के पास भारत के किसी भी हिस्से से किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करना तथा उसे उपस्थित होने के लिए कहना और शपथ दिलाकर जांच करना है तो वहीं यही अधिकार एससीपीसीआर को उसके राज्य में प्रदत्त हैं।

आयोग सरकारों को किसी दस्तावेज की खोज तथा निर्माण करने की आवश्यकता के लिए कह सकता है। किसी कोर्ट ऑफ ऑफिस से किसी पब्लिक रिकॉर्ड या उसकी कॉपी की मांग कर सकता है। मामले को उन मजिस्ट्रेट के पास भेजना जिनके पास उनकी सुनवाई के न्यायिक अधिक हो। जांच के दौरान बाल अधिकारों तथा कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन का मामला साबित होने पर संबंधित सरकार को कार्रवाई या अभियोजन अथवा किसी अन्य कार्यवाई के लिए अनुशंसित करता है। यदि वह अदालत उचित समझती है तो निर्देशों, आदेशों या आज्ञापत्र के लिए सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय जाना। यदि आवशयक हो तो पीड़ित या उनके परिवार के सदस्यों की ऐसी अंतरिम सहायता की मंजूरी के लिए संबद्ध सरकार या प्राधिकार को अनुशंसा भेजना सभी आयोगों का अहम कार्य है ।

अतः यह जरूरी हो जाता है कि अपने बच्चों को हम बाल आयोग के बारे में बताएं। ताकि वह जरूरत पढ़ने पर आयोग का सहयोग अपने अपरिहार्य निवारण के लिए ले सके। यदि कहीं उन्हें (बच्चों को) संवाद के स्तर पर कमी नजर आती है, किसी भी बालक को कोई परेशानी या कठिनाई किसी भी तरह की हो रही है, कोई उसे परेशान कर रहा है तो वह सीधे बाल आयोग में शिकायत कर सकते हैं। हो सकता है, इस पहल से और बाल संरक्षण आयोग के लिए गए नीतिगत निर्णय से हम किसी बालक के जीवन को बचा पाने में सफल हो जाएं।

**(लेखिका, मध्य प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की सदस्य हैं।)**

# भारत में बच्चों में अटेंशन डेफिशिएंसी सिंड्रोम का बढ़ना, एक बढ़ती चिंता



मनतार सिंह



समाज की वर्तमान स्थिति में ऐसा देखा गया है कि भारत में बच्चों में अटेंशन डेफिसिएंसी सिंड्रोम (एडीएस) के प्रसार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। विश्व स्तर पर इसे आमतौर परअटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो बच्चों में असावधानी, अति सक्रियता और उग्र आवेग जैसे लक्षणों की विशेषता है। इन मामलों में लगातार हो रही वृद्धि ने परिवार , शिक्षकों और स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच खतरे की घंटी बजा दी है, जिससे इस प्रवृत्ति में योगदान करने वाले कारकों पर उचित समाधान और भारत की युवा पीढ़ी पर इस प्रवृत्ति के लिए संभावित दीर्घकालिक प्रभावों पर नज़र डालने का समय आ गया है।

### अटेंशन डेफिसिएंसी सिंड्रोम को समझना

यह अटेंशन डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एडीएस) एक न्यूरो डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है जो आमतौर पर बचपन में ही दिखाई देने लगता है और इसके लक्षण अक्सर 7 साल की उम्र के आसपास ध्यान देने योग्य होते हैं। एडीएस वाले बच्चे सामान्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में काफी संघर्ष करते हैं, आसानी से विचलित होते हैं, अति सक्रिय व्यवहार प्रदर्शित करते हैं और आवेगों को नियंत्रित करने में कठिनाई दर्शाते हैं। ये लक्षण शैक्षणिक प्रदर्शन, सामाजिक संपर्क और जीवन की समग्र गुणवत्ता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

आंशिक रूप से मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की बढ़ती मान्यता के कारण भारत में हाल के समय में एडीएस के बारे में जागरूकता और समाधान में वृद्धि हुई है।

### एडीएस पर सर्वेक्षण : एक चिंताजनक स्थिति

भारत में एडीएस पर व्यापक राष्ट्रीय डेटा सीमित है और कई अध्ययनों और सर्वेक्षणों ने इस मुद्दे पर प्रकाश डाला है। 2019 में 'इंडियन जर्नल ऑफ साइकियाट्री' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, भारत में स्कूली आयु वर्ग के बच्चों में एडीएचडी की व्यापकता 2% से 17% तक है, जो क्षेत्र और अन्य मानदंडों पर निर्भर करता है। यह विस्तृत श्रृंखला एडीएस के निदान की जटिलता और मानकीकृत उपकरणों की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेज की 2020 की एक रिपोर्ट से पता चला है कि शहरी भारत में 10 में से लगभग 1 बच्चे में अटेंशन डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एडीएस) के लक्षण दिखाई देते हैं। रिपोर्ट में वैश्विक रुझानों के अनुरूप लड़कियों की तुलना में लड़कों में अधिक प्रसार का भी उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, 2021 में दिल्ली, मुंबई और बैंगलोर सहित कई शहरों में किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 8 से 5 आयु वर्ग के लगभग 12% बच्चों में एडीएस का पता चला था, जिनमें से कई में सीमावर्ती लक्षण दिखाई दे रहे थे।

### एडीएस के योगदानकारी कारक

भारत में एडीएस की बढ़ती घटनाओं को आनुवंशिक, पर्यावरण और जीवन शैली जैसे कारकों के संयोजन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

**डिजिटल अधिभारः** सबसे महत्वपूर्ण योगदानकर्ताओं में से एक डिजिटल स्क्रीन के लिए बढ़ता जोखिम है। स्मार्टफोन, टैबलेट और कंप्यूटर के आगमन के साथ, बच्चे पहले से कहीं अधिक स्क्रीन के सामने समय बिता रहे हैं। डिजिटल मीडिया के माध्यमों से उनका अत्यधिक समय मायावी संसार से युक्त रुचिकर स्क्रीन के प्रति लगाव के व्यवहार से वृद्धि से जोड़ा गया है जिससे बच्चे डिजिटल मीडिया के प्रति तीव्र गति से आदी हो जाते हैं।

**शैक्षणिक दबावः** भारतीय शिक्षा प्रणाली अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसमें बच्चों पर शैक्षणिक रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने का अत्यधिक दबाव है। यह दबाव तनाव, चिंता और कुछ मामलों में, ध्यान से संबंधित मुद्दों को जन्म दे सकता है। जो बच्चे इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संघर्ष करते हैं, वे एडीएस के लक्षण विकसित कर सकते हैं क्योंकि वे उन पर रखी गई प्रतिस्पर्धाओं की मांगों से अभिभूत हो जाते हैं।

**शारीरिक गतिविधि की कमीः** पारंपरिक खेल कूद और बाहरी गतिविधियां, जो स्वस्थ मस्तिष्क के विकास के लिए आवशयक हैं, शहरी क्षेत्रों में काफी कम हो गई हैं। शारीरिक गतिविधि में कमी न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि ध्यान बनाए रखने और व्यवहार को विनियमित करने में कठिनाइयों में भी योगदान देती है।

**आहार कारकः** शोध के अनुसार आहार और एडीएस के बीच एक संबंध है। प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और कृत्रिम शर्करा से युक्त नमकीन स्नैक्स इत्यादि जैसे पदार्थों की बड़ी मात्रा का सेवन ध्यान केंद्रितता और अति सक्रियता से जुड़ा हुआ है । भारत में, पश्चिमी आहार की ओर बदलाव एडीएस मामलों की वृद्धि में भूमिका निभा रहा है।

**आनुवंशिक प्रवृत्तिः** जबकि पर्यावरणीय कारक महत्वपूर्ण हैं, आनुवंशिक प्रवृत्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। एडीएस या संबंधित विकारों के पारिवारिक इतिहास वाले बच्चे इस स्थिति को विकसित करने की अधिक संभावना रखते हैं, यह दर्शाता है कि आनुवंशिकी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### एडीएस की समस्या का बहुआयामी समाधान

भारत में बच्चों के बीच एडीएस की बढ़ती घटनाओं के विषय को हल करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इनमें प्रारंभिक निदान और स्वयं हस्तक्षेप कर एडीएस को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में महत्वपूर्ण होगा । समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को एडीएस के लक्षणों के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है।

व्यवहारिक चिकित्सा पद्धति से बच्चों को उनके लक्षणों का प्रबंधन करने में मदद कर सकता है। संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी और अभिभावक प्रबंधन प्रशिक्षण बच्चों और उनके परिवारों को एडीएस की चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों से लैस कर सकते हैं। शैक्षिक आवास पर भी विचार किया जाना चाहिए, जैसे कि कार्यों के लिए अतिरिक्त समय प्रदान करना, असाइनमेंट को छोटे-छोटे हिस्सों में विभाजित करना, और ध्यान के साथ संघर्ष करने वाले बच्चों के लिए एक शांत और सौम्य वातावरण प्रदान करना।

एडीएस को रोकने और प्रबंधित करने में संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा देना भी आवश्यक है। बच्चों के स्क्रीन समय को सीमित करना, शारीरिक गतिविधि को प्रोत्साहित करना और स्वस्थ आहार सुनिश्चित करना बच्चों के ध्यान अवधि , समग्र कल्याण और बौद्धिक विकास पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

### निष्कर्ष

भारत में बच्चों में अटेंशन डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एडीएस) एक गंभीर बढ़ती हुई चिंता है, जिस पर परिवार में माता-पिता, शिक्षकों और नीति निर्माताओं को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। मामलों में वृद्धि चिंताजनक है, यह बच्चों के लिए अधिक सहायक वातावरण बनाने का अवसर भी प्रस्तुत करता है। मूल कारणों को संबोधित करके और प्रभावी रणनीतियों को लागू करके, भारत अपनी युवा पीढ़ी को अटेंशन डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एडीएस) की चुनौतियों से उबरने और उनकी एकाग्र ध्यान अवधि , समग्र कल्याण और उचित बौद्धिक विकास क्षमता तक पहुंचने में मदद कर सकता है।

# दरिंदगी, बर्बरता, हैवानियत के खिलाफ अदालत का भी संवेदनशील होना जरूरी!



मनोज कुमार अग्रवाल



हाल ही में मुंबई हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने माना है कि अगर कोई लड़का नाबालिग लड़की से प्यार का इजहार करने के लिए लगातार उसका पीछा करता है, तो यह पॉक्सो कानून के तहत यौन उत्पीड़न के बराबर होगा। दरअसल अमरावती की एक अदालत ने 4 फरवरी 2021 को एक युवक नाबालिग लड़की का पीछा करने पर दोषी ठहराते हुए एक साल के कारावास की सजा सुनाई थी। इस सजा के खिलाफ आरोपी ने हाई कोर्ट में अपील की थी। अपीलकर्ता ने दावा किया था कि उसे झूठे केस में फसाया गया है, क्योंकि पीड़िता किसी और लड़के के साथ संबंध में थी। लेकिन हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में इस अपील पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सानप ने तथ्यों के मद्देनजर कहा कि पीड़िता के बयान से स्पष्ट है कि लड़की की उस पर कोई रुचि नहीं थी। बावजूद इसके अपीलकर्ता बार-बार उसका पीछा कर परेशान रहा था। वह उससे बात कर प्रेम संबंध बनाना चाहता था। वह इस उम्मीद में बार-बार उसका पीछा कर रहा था कि एक दिन वह उसके प्रेम को स्वीकार कर लेगी, जबकि पीड़िता की अपीलकर्ता में कोई दिलचस्पी नहीं थी।अदालत ने इस व्यवहार को बेहद आपत्ति जनक व दंडनीय माना है।

आपको बता दें कि राजधानी दिल्ली में पिछले कुछ वर्षों में ऐसे कई मामले हुए हैं जिनमें एक तरफा कथित प्यार के चलते और टार्गेट की जा रही लड़की द्वारा कोई रिस्पांस नहीं देने पर लड़की को चाकुओं से गोद कर मार डाला या तेजाब फेंक कर उस पर हमला किया गया। आपको याद होगा कि कई दशक पहले डर व सनी दयोल अभिनीत जिद्दी जैसी कई फिल्में आई थीं जिनमें नायक एकतरफा प्यार करता है और अपनी चाहत की लड़की को पाने के लिए किसी भी हद तक चला जाता है। ऐसी फिल्मों में सब कुछ बेहद एकतरफा व डरावना है, क्योंकि लड़की की मर्जी को यहां पुरुष के अहम तले कुचला जा रहा है। और लड़की जब नाबालिग हो तो यह मामला और संगीन हो जाता है। इस वक्त जब देश में यौन उत्पीड़न और महिला सुरक्षा को लेकर नए सिरे से बहस खड़ी हो चुकी है, उसमें नागपुर बेंच का यह फैसला काफी मायने रखता है। अमरावती की जिस घटना पर आरोपी को सजा सुनाई गई, वैसी घटनाएं इस देश में हर रोज़ घटित हो रही हैं। लाखों लड़कियां छेड़खानी को किसी भयावह श्राप की तरह सहती हैं और अक्सर इस पर शिकायत नहीं करती, क्योंकि इसमें भी या तो उन्हीं की गलती तलाशी जाती है या फिर उनके पढ़ाई और कैरियर पर रोक लगा दी ती है। बहुत से मामले तो ऐसे भी हुए हैं, जब लड़की की शिकायत पर परिजन उसका साथ देने आगे आएं, तो उनके साथ हिंसक व्यवहार होता है। छेड़खानी या यौन शोषण के मामले में लड़की अगर निचली जाति की हुई तब उसके लिए कानून के दरवाजे पर पहुंचना और कठिन हो जाता है। छेड़खानी के मामलों को नजरंदाज करना या उन पर किसी कड़ी सजा का प्रावधान न होना ही आगे जाकर बड़ी घटनाओं का रास्ता खोलता है।

देश इस वक्त ऐसे कई मामलों पर फिर से समाज को उद्वेलित होता देख रहा है। कोलकाता मामले में तो अब सुप्रीम कोर्ट ही स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। जिसमें सभी संबंधित पक्षों से कई तरह के सवाल हो रहे हैं। डॉक्टरों के सामने अपनी सुरक्षा का सवाल भी खड़ा हो गया है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से काम पर लौटने कहा , साथ ही एक नेशनल टास्क फोर्स बनाने की बात कही , जो डॉक्टरों, जूनियर डॉक्टरों, सहायकों, नर्सों समेत सभी हितधारकों की बात सुनेगा। कोलकाता मामले में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल चुकी है। खुद मुख्य न्यायाधीश डी वाइ चंद्रचूड़ ने कहा कि वे एक परिजन की बीमारी के दौरान सरकारी अस्पताल की फर्श पर सोए हैं और उन्होंने

देखा है कि डॉक्टरों को 36-36 घंटे काम करना पड़ता है।जूनियर डॉक्टरों का हर तरह से शोषण होता है, यह बात भी शीर्ष अदालत के संज्ञान में आई है।कोलकाता मामले में पीड़िता के परिजनों को ये इंतजार है कि इंसाफ कब मिलेगा। लेकिन इस बीच महाराष्ट्र में ठाणे के बदलापुर में एक स्कूल में दो बच्चियों से यौन शोषण की घटना पर फिर से सियासत तेज हो गई है। इस बीच तमिलनाडु के एक स्कूल में सातवीं से नवीं कक्षा में पढ़ने वाली नौ छात्राओं के बाद एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर स्कूल में रोक कर यौन शोषण करना और उत्तराखंड के रूद्रपुर जिले में एक मदरसे में उर्दू का ट्यूशन लेने आने वाली पांच नाबालिग छात्राओं के साथ मौलवी द्वारा छेड़छाड़ व दरिंदगी की वारदातों से पता चलता है कि यह बीमारी कितना भयावह स्तर पर पहुंच चुकी है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ उनका सशक्तीकरण राष्ट्र की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव में 'लखपति दीदी' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार एक अक्षम्य पाप है और दोषी एवं उसका साथ देने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक संस्थाओं को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए, उनकी ओर से किसी भी तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। मोदी ने कहा, सरकारें बदल सकती हैं, लेकिन समाज और सरकार के रूप में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी महिलाओं के जीवन और सम्मान की रक्षा करना है। मोदी ने कहा, 'मैं अपनी बहनों, बेटियों के दर्द और गुस्से को समझता हूं, चाहे वे किसी भी राज्य की हों।' प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए सरकार लगातार कानूनों को सख्त बना रही है। मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के लिए जो काम किया है, उतना आजादी के बाद से किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया।

स्पष्ट है कि सभी सरकारों, नागरिकों और राजनीतिक दलों को गंभीर मंथन करना होगा कि समाज में महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए क्या कदम उठाए जाएं। न्याय हर नागरिक का अधिकार है, उसे पुलिस और प्रशासन की' मर्जी का मोहताज' नहीं बनाया जा सकता।लेकिन अदालत में तैनात न्याय के देवताओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा करनी होगी ताकि अपराधियों को सख्त दंड से दंडित किया जा सके लेकिन यह विडंबना है कि इस सिस्टम में निठारी कांड (उत्तर प्रदेश नोएडा) जिसमें दर्जनों मासूम नाबालिग बच्चियों को बहला फुसला कर एक कोठी में बुलाकर दरिंदगी कर बर्बरता से कत्ल कर टुकड़े कर नाले में फेंक दिया जाता था। उच्च न्यायालय ने इस बेहद संगीन मामले के दोनों आरोपित को जिन्हें जिला अदालत ने फांसी और उम्र कैद की सजा सुनाई थी फैसला पलट कर बरी कर दिया। सत्रह साल पैरवी और गवाही के बाद शिकार बनी बच्चियों के गरीब अशिक्षित परिवार सिर पटक कर रह गए। काश अदालत दोबारा पूरी शुचिता के साथ मामले की सुनवाई कर न्याय करती। लेकिन अदालतों के पास न समय है वर्कलोड के कारण तमाम संवेदनाएं भी खत्म हो चुकी है। मानना होगा कि अभियोजन की कुछ गलतियां रही होगी लेकिन ऐसे बड़े संगीन मामलों में अभियुक्तों का छूट जाना समूची न्याय व्यवस्था से भरोसा खत्म करता है वहीं अपराधियों के हौसले बुलंद करता है। हमारे पुलिस विभाग व जांच एजेंसियों की जबाबदेही तय करनी होगी ताकि विवेचना व साक्ष्य सही तरीके से अदालत के समक्ष रखे जाएं। तभी अपराधियों को सजा दी जा सकती है। जरूरत इस बात की है कि हम सभी महिलाओं के खिलाफ होने वाली अमानवीयता दरिंदगी बर्बरता के खिलाफ एकजुट होकर प्रयास करें।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर तेलीयान अंजुमन कमेटी के शिष्टाचार मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- तेली घाणी विकास बोर्ड में राजनीतिक नियुक्तियां देने की करी मांग



**चमकता राजस्थान। बाड़मेर (खलील कुरैशी)।** बाड़मेर तेली समाज तेलीयान अंजुमन कमेटी के बैनर तले ने तेली घाणी विकास बोर्ड में राजनीतिक नियुक्ति देने की मांग की जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम के ज्ञापन सोपा गया अब्दुल रहमान तेली अमन ने बताया राजस्थान राज्य में तेली घानी विकास बोर्ड के गठन की स्वीकृति 23जुलाई 2023 को होने के बाद सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने तेली समुदाय की शैक्षणिक , सामाजिक और आर्थिक स्थिति की उन्नति के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी। राजस्थान राज्य में 20लाख से भी ज्यादा मुस्लिम तेली समुदाय के लोग रहते हैं। जिनका पुस्तैनी काम तेल घानी चलाना था। समय के साथ किसी भी तरह की सरकारी सहयोग और आर्थिक मदद नहीं मिलने के कारण युवा रोजगार और स्वरोजगार स्थापित करने में असफल रहे हैं। राज्य सरकार ने एक वर्ष पूर्व बोर्ड गठित करने की स्वीकृति दी थी लेकिन अभी तक कोई किसी प्रकार का ठोस कदम नहीं उठाया गया है। राजस्थान के सभी ब्लॉक और जिला स्तर पर राज्य सरकार को पुनः स्मरण दिलाने के लिए तेली समाज के लोगो ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें पूर्व राज्य मंत्री अशरफ अली हाजी गुलाम नबी हाजी अयूब खान हाजी सत्तार मोहम्मद इलियास एमडी रफीक पीर बक्स आबिद अली मोहम्मद रफीक राठौड़ा अकबर अली मोहम्मद उमर अल्लाह नूर अजरुदीन गोरी मौजूद रहे।

### जयपुर विकास प्राधिकरण ने केदार विहार आवासीय योजना में सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमणों को हटाए



**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 29 अगस्त।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में जेडीए की आवासीय योजना केदार विहार में 12 मीटर चौड़ी करीब 02 बीघा सरकारी सड़ककीभूमिकोकब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बगरू क्षेत्र में जविप्रा की की आवासीय योजना केदार विहार के आवासीय भूखण्ड संख्या ए-158 से ए-172 के सामने 12 मीटर चौड़ी करीब 02 बीघा सरकारी रोड़कीभूमिपरकब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाये गये पानी टैंक, पाटोल का झोपड़ीनुमा कमरा, कांटों की बाड़, लकड़ी की छडियां, तारबंदी इत्यादि लगाकर अतिक्रमण किये जाने की षिकायत प्राप्त होने पर उपायुक्त जोन कार्यालय से अतिक्रमण प्रोफार्मा रिपोर्ट प्राप्त कर पूर्व में नोटिस जारी किये जाकर अतिक्रमणकताओं को अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था, परन्तु अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर सरकारी सड़क की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि-पार्क पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोंग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-12 को पत्र लिखा गया है। उक्त कार्यवाहियां उप नियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-12 तथा स्थानीय पुलिस थाना का जाप्ता व प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

### शाहपुरा पुलिस ने आमजन विश्वास और अपराधियों में भय का दिया सकारात्मक संदेश

- थानाधिकारी रामलाल मीणा के नेतृत्व चोरी के आरोपी का शाहपुरा कस्बें में निकाला पैदल जुलूस



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** शाहपुरा कस्बे में गत दिनों उअ के ऑफिस में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आमजन में विश्वास और अपराधियो में भय स्लोगन को चरितार्थ करते हुए कस्बे में आरोपी का पैदल जुलूस निकाला। पुलिस आरोपी को थाने से कोर्ट परिसर तक पैदल लेकर पहुंची। आरोपी को देखने के लिए लोगो की भीड़ लग गई। इस दौरान आरोपी हाथ जोड़कर माफी मांगता हुआ नजर आया। बता दे कि गत दिनों आरोपी ने उअ के ऑफिस में घुसकर चोरी की थी। चोरी करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी करने के आरोप में अश्वनी दुबे को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का कस्बे में पैदल जुलूस निकाला ताकि आमजन में बदमाशो का खौफ खत्म हो सके। इस दौरान थाना प्रभारी रामलाल मीणा समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

45 मुर्गे एवं 50 किलो मीट को जब्त कर 50 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज

# नगर निगम ग्रेटर द्वारा अवैध मीट की थड़ियों पर की गयी बड़ी कार्यवाही

## बिना लाईसेंस के संचालित 5 अवैध थड़ियों को किया ध्वस्त

**विशेष अभियान चलाकर टीमों द्वारा आगामी दिनों में की जायेगी अवैध मीट की दुकानों पर कार्यवाही**

चमकता राजस्थान

जयपुर !(खलील कुरैशी) 29 अगस्त। नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर के निर्देश पर उपायुक्त पशु प्रबंधन मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में दो टीमों का गठन कर विशेष अभियान चलाकर अवैध मीट की दुकानों, थड़ियों पर कार्यवाही की जा रही है। गुरूवार को झालाना कच्ची बस्ती, जगतपुरा कच्ची बस्ती, जगतपुरा, अक्षयपात्र रोड़ जगतपुरा, सेक्टर 19 प्रताप नगर में कार्यवाही की गई ।उपायुक्त पशु प्रबंधन मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि बिना लाईसेंस के संचालित अवैध मीट की दुकानों को टीमों द्वारा ध्वस्त किया गया। यह कार्यवाही झालाना कच्ची बस्ती, जगतपुरा कच्ची बस्ती, जगतपुरा, अक्षयपात्र रोड़, जगतपुरा, सेक्टर 19 प्रताप नगर की गई। जिसमें लगभग 45 जिंदा मुर्गे जब्त किये गये साथ ही 50 किलो मीट को जब्त कर 50 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज भी वसूल किया गया ।उन्होंने बताया कि गुरूवार को पकड़े गये जिन्दा मुर्गो को पुरानी कोतवाली दबावखाना में पहुंचाया गया तथा मीट को रासायनिक पद्धति से नष्ट करवाकर डम्प करवाया गया।



## भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान में हम सभी अधिक से अधिक सहभागिता निभाकर भाजपा की रीति- नीति के साथ काम करेंगे : रामस्वरूप लांबा नसीराबाद विधायक

चमकता राजस्थान

**रघुनन्दन पारीक श्रीनगर /नसीराबाद।** भाजपा श्रीनगर मंडल सदस्यता अभियान कार्यशाला सहसंयोजक राहुल रावत ने बताया कि भाजपा श्रीनगर मंडल कि भाजपा सदस्यता अभियान कार्यशाला नसीराबाद विधायक महोदय रामस्वरूप लांबा साहब के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई।।

भाजपा मण्डल सदस्यता अभियान कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा श्रीनगर मंडल अध्यक्ष के के जोशी तिहारी द्वारा की गई।।

बैठक में जिला प्रवासी एवं मुख्य वक्ता अजमेर देहात जिला मंत्री प्रेमराज चौधरी ने मार्गदर्शन दिया।।

जिला प्रवासी एवं मुख्य वक्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय सदस्यता अभियान 1 सितंबर 2024 से भारत की सबसे प्रधानमंत्री मोदी जी सर्वप्रथम सदस्य बनकर शुरुआत होने जा रही है।।

हम सभी को भी इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपने-अपने बूथ पर अधिक से अधिक सदस्य बनाने हैं।।

नसीराबाद विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के इस राष्ट्रीय अभियान में हम सभी को पूर्ण रूप से भाग लेते हुए धरातल पर बैठे हुए अंतिम व्यक्ति को सदस्यता अभियान के बारे में चर्चा करते हुए भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए एवं केंद्र सरकार एवं भारत सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचने का प्रयास करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने में सहयोग करना चाहिए।।



मंडल अध्यक्ष के के जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 1 सितंबर से शुरू हो जाएगा जिसमें प्रत्येक बूथ पर 200 से अधिक कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान से जोड़ना रहेगा भाजपा का सदस्यता अभियान का टोल फ्री नंबर

8800002024 है जो की 1 सितंबर से शुरू हो जाएगा इस नंबर पर हमें अधिक से अधिक संख्या में मिस कॉल करवाते हुए भाजपा सदस्यता अभियान से जोड़ना है।।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला सहसंयोजक सदस्यता अभियान सुनीता यादव ने भी संबोधित करते हुए कहा कि मातृ शक्ति को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ते हुए सदस्यता अभियान में दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करना है।।

भाजपा श्रीनगर मंडल पर कार्यकर्ताओं ने मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को भी विधायक के साथ सुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में बताए गए विचारों को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

भाजपा श्रीनगर मंडल सदस्यता अभियान कार्यशाला में नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा ,भाजपा अजमेर देहात जिला उपाध्यक्ष सुनीता यादव भाजपा अजमेर जिला देहात मंत्री प्रेमराज जाट, भाजपा श्रीनगर मंडल अध्यक्ष के के जोशी, अजमेर देहात ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामकरण यादव पूर्व पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र यादव मंडल उपाध्यक्ष कैप्टन मेवा सिंह रावत, वरिष्ठ भाजपा उपाध्यक्ष हरिओम यादव, मंडल महामंत्री महावीर मेघवंशी, मंडल महामंत्री मेघराज रावत मंडल महामंत्री राजू सिंह रावत युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल रावत एससी मोर्चा अध्यक्ष पिंटू रिल, मंडल उपाध्यक्ष मोहन मेघवंशी, मंडल मंत्री कुलदीप जोशी, मंडल मंत्री पूरन सिंह राजपुरोहित युवा मोर्चा मंडल महामंत्री कमलेश नागर किसान मोर्चा उपाध्यक्ष हंसराज रावत, शक्ति केंद्र संयोजक रामस्वरूप चौधरी बूथ अध्यक्ष प्रधान जाट, लल्लू राम कहर, रामदेव कहार, मंडल आईटी संयोजक उत्तम सिंह रावत किसान मोर्चा महामंत्री शंकर सिंह रावत सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा शहर मंडल वैर में सदस्यता अभियान कार्यकर्ताओं का हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह)।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल वैर में मंडल अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी गोवर्धन सिंह जादोन के मुख्य अतिथित्व में सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया किया गया । विशेष अतिथि नगरपालिका चेयरमैन विष्णु महावर रहे । दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला प्रारम्भ की गई मंच संचालन वेदप्रकाश दत्तात्रेय ने किया। जिला प्रभारी जी ने बताया कि देश में 1 सितम्बर सें सदस्यता अभियान की लाँचिंग माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी करेंगे और 2 सितम्बर को राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी शुभारंभ करेंगे, जिसके लिए टोल फ्री नंबर 8800002024 रखा है की सूचना कार्यकर्ताओं को दी और हर बूथ पर अधिक से अधिक सदस्य बनाने का निर्देश दिया । कार्यशाला में निम्न कार्यकर्ता महामंत्री राखीलाल सैनी, पूरन महावर, संजीव महर्षि, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश दत्तात्रेय, उमेश गोयल, बंटी प्रजापत, मंत्री कमलकांत सैनी, निर्मल सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम ठाकुर, एस.सी. मोर्चा महीपाल जादो, बूथ अध्यक्ष सूरज सैनी, मधुर सोनी, देवीसिंह कोली, निरोत्तम कटारा, शेर सिंह कोली, मुकेश प्रजापत, बाबूलाल, कृष्णवीर धाकड़ आदि ने भाग लिया।

### अंकित का हर-हर शिव शंकरा गाना रिलीज



**चमकता राजस्थान/जयपुर 27 अगस्त।** युवा संगीतकार और सिंगर अंकित भट्ट का एक भजन हर हर शिव शंकरा सोशल मीडिया पर रिलीज़ हुआ। गायक अंकित भट्ट का यह भजन कल्पना संगीत विद्यालय के राजन सभागार में संगीतकार, साहित्यकारों एवं संगीतप्रेमियों के बीच रिलीज़ किया गया ।

भजन हर हर शिव शंकरा का गायन और संगीत स्वयं अंकित भट्ट का है और कल्पना ऑडियो एंड फ़िल्म्स के लिए यह भजन प्रसिद्ध संगीतकार पं. आलोक भट्ट ने लिखा है और इसका तकनीकी पक्ष माधव सक्सेना सरस ने संवारा है

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर चैतन्य भारत दौड़ का आयोजन

## अतिरिक्त जिला कलक्टर राकेश कुमार ने इंदिरा गांधी स्टेडियम से खिलाड़ियों को फिट इण्डिया की शपथ दिलाई

चमकता राजस्थान

**चित्तौरगढ़!( बाबू अग्नानी)** चित्तौड़गढ़। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर चैतन्य भारत दौड़ का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर राकेश कुमार ने इंदिरा गांधी स्टेडियम से खिलाड़ियों को फिट इण्डिया की शपथ दिलाई और दौड़ को झंडी दिखा कर रवाना किया। दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से रवाना हो कर कलक्ट्रेट चौराया, रेल्वे स्टेशन, प्रताप नगर चौहाया, कलक्ट्रेट आवास, बाई पास होते हुए पुनः इंदिरा गांधी स्टेडियम पहुंची।चैतन्य भारत दौड के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान बंशी लाल मीणा, द्वितीय स्थान रोहित प्रजापत, तृतीय स्थान सूरज सिंह राजपूत ने प्राप्त किया एवं जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान मानव कुमार माली, द्वितिय स्थान विशाल राज, तृतीय स्थान चांद सिंह राजपुत ने प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को क्रमशः 2100,1100 और 50 रूपए नगद पुरूस्कार राशि प्रदान किए गए। चैतन्य भारत दौड़ एवं हॉकी में कुल 300 खिलाड़ियों का पंजीयन किया गया।इस अवसर पर राम रतन गुर्जर अधिकारी जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र ने सभी का स्वागत किया एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित खेल सप्ताह की जानकारी दी। क्रीड़ा भारती चित्तौड़गढ़ प्रांत के संयोजक अनिरूद्ध सिंह भाटी ने चौतन्य भारत दौड़ के आयोजन पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता रतन लाल मारू सेवानिवृत्त महाविद्यालय प्राचार्य एवं बैडमिन्टन अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी (वैटनर्स) ने की ।इधर, श्री बालाजी व्यायाम शाला द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द का जन्मदिवस व्यायामशाला द्वारा मनाया गया।श्री बालाजी व्यायामशाला के पहलवानो ने एक -दूसरे को बधाई देते हुए मुंह मीठा कराते हुए जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाएं दी । अखाडे के पहलवानों व व्यायामशाला के पहलवानो की कुश्ती आयोजित की गई, जिसमें 41 किलो भार वर्ग मे कुणाल गुर्जर , धर्मेन्द्र भांड ,अंकित गोस्वामी रहे। 45 किलो भारवर्ग मे कार्तिक गांछा, रोहित रेगर , महेन्द्र भील, 50 किलो भारवर्ग मे कार्तिक गुर्जर, हिमांशु गुर्जर, रजत वैष्णव एवं 55 किलोग्राम भार वर्ग मे रणवीरसिंह राठौड अर्जुन गुर्जर, देवेन्द्र सिंह एवं 60 किलोग्राम भारवर्ग में महेन्द्र आमेरिया क्रमशः प्रथम , देवेन्द्र धाकड द्वितीय व तृतीय किशन सालवी रहे।इस अवसर पर संचालक कमलेश गुर्जर ,संरक्षक विष्णु शर्मा, अध्यक्ष कैलाश आगाल, कोषाध्यक्ष बसंतीलाल पंचोली पहलवान ललित भांड, दशरथ सनाढ्य, आलोक सिंह राठौड, जगपालसिंह राणावत, विजय गांछा, राजकुमार गांछा, प्रहलाद गुर्जर, किशनपुरी गोस्वामी आदि मौजूद थे।



हमलावर की पहचान विकास धाकड़ पूर्व असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ के रूप में बतायी जा रही है

# आदर्श नगर कांग्रेस विधायक एवं कांग्रेस दल के चीफ व्हिप रफीक खान पर युवक ने किया जानलेवा हमला

## जनसुनवाई के दौरान अपनी समस्या बताते बताते ही उग्र होकर किया हमला

**प्रदेश में विधायक ही सुरक्षित नहीं इससे बेहतर कानून व्यवस्था की दूर्दशा क्या हो सकती हैं : डोटासरा**

**राज्य में बेलगाम और लचर कानून व्यवस्था का परिणाम, दोषी व्यक्ति को सजा सुनिश्चित हो :- गहलोत**

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर की आदर्श नगर सीट से कांग्रेस विधायक रफीक खान पर एक युवक ने हमला किया गया। हालांकि, हमले में उन्हें चोट नहीं आई है। बताया जा रहा है कि युवक ने विधायक रफीक खान को मुक्का मारकर घायल कर जान से मारने का प्रयास किया। इस दौरान उसे पकड़ लिया गया। गौरतलब है कि विधायक रफीक खान अपने घर पर जनसुनवाई कर रहे थे। जनसुनवाई के दौरान ही आरोपी युवक वहां मौजूद था। जैसे ही विधायक रफीक खान अपने घर से विधानसभा जाने के लिए निकले युवक ने उन पर हमला कर दिया।इस घटना के संबंध में वे आज एक प्रेस वार्ता आयोजित कर सकते हैं जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब विधायक खान विधानसभा जाने के लिए अपनी गाड़ी में बैठने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान अचानक, युवक ने उन पर हमला कर दिया। इस विधायक के समर्थकों ने आरोपी युवक को पकड़ा और उसकी पिटाई कर दी। बाद में विधायक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। ताकि, यह सामने आ सके कि युवक ने विधायक पर हमला क्यों किया था। सूत्रों से अनुसार मारपीट करने वाला व्यक्ति एक एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के पति के रूप में हुई है। वह विधायक खान के पास अपनी किसी समस्या का समाधान कराने के लिए आया था।








## सुनियोजित और षड्यंत्र पूर्वक था हमला : रफीक खान

### रफीक खान बोले-मेरा गला दबाने की कोशिश की, मेरी जान भी जा सकती थी

कांग्रेस विधायक रफीक खान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं लोगों से जनसुनवाई करके घर के बाहर आकर गाड़ी में बैठने लगा तो कुछ कार्यकर्ता और साथी आए। वो किसी से फोन करवाना चाहते थे, मैंने उनके पेपर ले लिए और कहा कि असेंबली में बैठकर काम करूंगा। उसी वक्त एक आदमी आया और उसने मेरे गले में हाथ डाला, तो मुझे लगा की बात करेगा।रफीक खान ने कहा- पहले तो उसने गर्दन दबाने की कोशिश की और फिर जोर से मेरी छाती पर हाथ मारा। जब उसने गर्दन पर हाथ डाला तो मैंने दोनों हाथ पकड़कर दूर किया तो उसने मेरी शर्ट पकड़ ली। बहुत सारे लोग थे, सबने मिलकर जबरन मेरी शर्ट छुड़वाई। इंटेंशन अभी पता नहीं लगा है। उसे पुलिस को दे दिया है। पुलिस जांच कर रही है।विधायक खान ने आगे कहा- मेरी जगह कोई कमजोर व्यक्ति होता तो उसकी गर्दन भी दबा देता। अभी तक इस आदमी के बारे में कुछ मालूम नहीं है। ऐसा एक क्रिमिनल माइंड का व्यक्ति कर सकता है। अभी जब तक पुलिस जांच नहीं कर ले, तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता। मुझे प्रीवियस हिस्ट्री के बारे में भी नहीं मालूम। पुलिस एक बार जांच कर लेगी तो सारी बातें सामने आ जाएगी।

### हमलावर की पहचान झूंझनू जिले के विकास जाखड के रुप में हुई हैं, वह एक्स असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ रह चुका है

हमलावर झुंझुनूं का रहने वाला विकास जाखड़ है। वह CRPF में असिस्टेंड कमांडेट रह चुका है। राष्ट्रपति के हाथों शौर्य चक्र का सम्मान प्राप्त कर चुका है। 10 साल तक CRPF में नौकरी की। साल 2021 में सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार से आहत होकर वीआरएस ले लिया था।

### सुत्रों के अनुसार समस्या बताते- बताते ही उग्र होकर कर दिया हमला

जानकारी के अनुसार एक महिला स्वास्थ्यकर्मी का पति विकास धाकड़ विधायक रफीक खान के आवास पर पहुंचा था। वह विधायक को अपनी समस्या बताते हुए अचानक उग्र होकर वह नाराज हो गया और उसने अपना आपा खोते हुए विधायक रफीक खान पर प्राण घातक हमला कर दिया।

### गोविंद सिंह डोटासराः कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष

भाजपा सरकार के जंगलराज और ध्वस्त कानून-व्यवस्था का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि प्रदेश में विधायक भी सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस विधायक रफीक खान के साथ हाथापाई की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। सरकार आरोपी पर सख्त कार्रवाई करे।

### अशोक गहलोतः पूर्व मुख्यमंत्री

कांग्रेस विधायक दल के चीफ व्हिप रफीक खान पर हमले की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। एक विधायक पर इस तरह हमला राज्य में लचर हो चली कानून व्यवस्था का परिणाम है। इस हमले के दोषी व्यक्ति को सजा सुनिश्चित हो।

### रफीक खानः आदर्श नगर विधायक

ऐसा लग रहा है कि वह किसी साजिश के तहत आया और हमला करने की कोशिश की। बातों से ऐसा लग रहा है कि कुछ और लोग भी उसके साथ थे।

### कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करदी एफआईआर,सदर थाने में होगी दर्ज

कांग्रेस विधायक रफीक खान के साथ मारपीट के मामले में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ से मुलाकात कर इस आपराधिक घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी दी इस दौरान विधायक रफीक खान, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास अमीन कागजी, हाकम अली, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरआर तिवाड़ी आदि नेतागण शामिल रहे पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि विधायक खान ने रिपोर्ट दी है, सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज होगी। मारपीट क्यों की, क्या कारण रहे, यह सब जांच के बाद ही पता चलेगा। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### अलवर में होमगार्ड आरक्षक 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 अगस्त, गुरूवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की अलवर-प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये सहजुदीन होमगार्ड आरक्षक कार्यालय जिला कमाण्डेंट, होमगार्ड अलवर को परिवादी से 30 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए. सी.बी. की अलवर-प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि होमगार्ड में सिपाही के पद पर परमानेंट लगवाने की एवज में आरोपी सहजुदीन होमगार्ड आरक्षक कार्यालय जिला कमाण्डेंट, होमगार्ड अलवर द्वारा 3 लाख रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में एसीबी की जयपुर-प्रथम इकाई के उप अधीक्षक पुलिस श्री महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सहजुदीन होमगार्ड आरक्षक कार्यालय जिला कमाण्डेंट, होमगार्ड अलवर को परिवादी से 30 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।



### नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झार्बर सिंह खर्रा ने किया नगर निगम ग्रेटर का औचक निरीक्षण

- कॉल सेन्टर पहुंच शिकायतकत्ताओं को स्वयं फोन कर शिकायतों के निस्तारण के संबंध में लिया फीडबैक
- पट्टे संबंधी मामले जिनमें शुल्क जमा करवा दिया गया है आगामी 15 दिनों में पट्टा प्रदान करने के निर्देश

चमकता राजस्थान



जयपुर( खलील कुरैशी)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झार्बर सिंह खर्रा ने गुरूवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। श्री खर्रा ने शिशु पालना गृह का निरीक्षण किया वहां मौजूद छोटे बच्चों से उन्होंने लाड दुलार भी किया। खर्रा के साथ निरीक्षण के दौरान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, चैयरमेन एवं पार्षद लक्ष्मणनूनीवाल, महेश सैनी हरीश कुमार शर्मा भीम मौजूद रहे। खर्रा ने उपायुक्त राजस्व प्रथम से पट्टों के लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन पट्टों की फाइलों में राशि जमा हो गई है उनका शीघ्र ही पट्टे जारी किये जाये। श्री खर्रा ने मुख्यालय स्थित कॉल सेन्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डोर- टू-डोर कचरा संग्रहण, लाईट, फोगिंग, सीवरेज संबंधी लंबित शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली तथा स्वयं नेशिकायतकत्ताओं को फोन कर उनकी शिकायतों के निस्तारण के संबंध में फीडबैक भी लिया। शिकायतकत्ताओं ने मंत्रीजी को शिकायत निस्तारण के संबंध में संतुष्टि जाहिर की। मंत्री खर्रा ने इस अवसर पर कहा कि आमजन द्वारा सफाई, सोवर, आवारा पशुओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतों का निस्तारण शीघ्र किया जाये, पट्टों के संबंध में जिनका शुल्क जमा हो गया है उनको आगामी 15 दिन में पट्टा जारी किया जाये। इसके साथ ही लाईट संबंधी समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण किया जाये।

### अग्रवाल समाज समिति कोटपूतली की द्वितीय बैठक हुई संपन्न।

- बैठक में समाज हित में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय एवं दी गई नियुक्तियां





**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** कोटपूतली के अग्रवाल समाज सेवा समिति की द्वितीय बैठक बुधवार रात्रि स्थानीय अग्रसेन भवन में अध्यक्ष योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने तथा नवयुवक मंडल व महिला मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं महामंत्री की नामो की घोषणा भी करदी गई। नवयुवक मंडल का कार्यवाहक अध्यक्ष रजत जिंदल (सनी जिंदल) व महामंत्री सीताराम बंसल एवं महिला मंडल की कार्यवाहक अध्यक्ष लाजवन्ती देवी व महामंत्री जया बिरमीवाल को नियुक्त कर दिया गया। अध्यक्ष योगेश शरण ने बताया की सेठ रामोतार मूलचंद चेरीटेबल ट्रस्ट गांधीधाम (गुजरात) द्वारा 21 अगस्त 2024 के बाद तीसरी लड़की के विवाह उपरांत 50 हजार की राशि के स्थान पर अब एक लाख की राशि उपहार स्वरूप दी जाएगी। बैठक में अध्यक्ष योगेश शरण बंसल ,महामंत्री नितेश बंसल ,कोषाध्यक्ष नरसिंह दास अग्रवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य अमरनाथ बंसल कार्यकारिणी सदस्य गणों में सुभाष बंसल, दिनेश सिंघल राजेश बंसल, हेमन्त मोरीजावाला ,योगेश गुप्ता ,अशोक बंसल, संगम बंसल एवं सुरेश बंसल मौजूद रहे।

डीपीसी होने के बाद नियुक्ति नहीं होने से अभियंताओं में रोष

### सार्वजनिक निर्माण विभाग में डीपीसी होने के डेढ़ माह बाद विजय कुमार वर्मा को एक दिन के लिए मुख्य अभियंता (भवन )किया नियुक्त !

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग संयुक्त शासन सचिव कमल राम मीणा ने एक आदेश जारी कर अतिरिक्त मुख्य अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग संभाग बीकानेर विजय कुमार वर्मा को अपने पद के साथ-साथ मुख्य अभियंता (भवन ) सार्वजनिक निर्माण विभाग के रिक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने के आदेश जारी किए।

गौरतलब है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग में मुख्य अभियंताओं की डीपीसी हुए लगभग डेढ़ माह बीत चुके हैं लेकिन अब तक उन्हें पोस्टिंग का इंतज़ार है , अतिरिक्त मुख्य अभियंता विजय कुमार वर्मा की डीपीसी हुए भी लगभग डेढ़ माह हो चुके हैं और आज ही उनकी सेवानिवृत्ति है ऐसे में केवल एक दिन के लिए उन्हें सार्वजनिक निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता (भवन )का चार्ज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार डीपीसी के बाद नियुक्ति नहीं होने पर अभियंताओं में रोष व्याप्त है।

# संक्षिप्त खबरें

## फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन

**भागलपुर।** खेल दिवस के अवसर पर डॉ गुरुवार को जिले के सबौर प्रखंड स्थित सबौर हाई स्कूल के मैदान में एक एंटी ड्रग अवेयरनेस कैंपेन के तहत एक फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इस खेल का आयोजन भागलपुर पुलिस के द्वारा किया गया था। आयोजन स्थल पर भागलपुर के सिटी एसपी श्री राज, विधि व्यवस्था डीएसपी, सबौर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल के अलावा अन्य पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी के साथ-साथ कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। जहां सबौर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने सिटी एसपी श्री राज को बुके देकर स्वागत किया। इस प्रकार के खेल का आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस और पब्लिक में आपसी रिस्ते को बढ़ाना और एक दूसरे में सामंजस्य स्थापित करना है। वहीं फुटबॉल मैच को खिलाड़ियों ने बहुत ही तन्मयता के साथ खेला। मैच जीतने वाले टीम को सिटी एसपी श्री राज ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## महिला को ससुराल वालों ने पिलाया जहर

**पूर्णिया।** बायसी (पूर्णिया)जिले के बायसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगवामहानंद पुर पंचायत के बागडोव गांव में एक 21 वर्षीय महिला सबुक्ता को ससुराल वालों ने मारपीट कर जहर पीला दिया। इसकी सूचना बायसी पुलिस को मिलने के बाद आनन फानन में इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बायसी अस्पताल पहुंचाया। इस मामले में ग्रामीण खुटिया ऋषि ने बताया कि ससुराल वालों ने चाय मे जहर का दवाई दे दिया। इलाज के दौरान पीड़िता के नाक में पाइप लगाकर जहर निकाला गया।पेंशेंट की हालत गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच पूर्णिया रेफर कर दिया। जीएमसीएच पूर्णिया मे बहुत ज्यादा संतुलन बिगड़ जाने के कारण भागलपुर रेफर कर दिया गया है। पीड़िता की मां मोहसीना ने बताया कि एक साल पहले शादी हुआ था। इस दौरान पंचायत भी किया गया। पंचायती यै फैसला हुआ की लड़का लडकी के घर रहेगा। घटना से दो दिन पहले लड़का किसी रिश्तेदार का मौत होने का बहाना बनाकर अपने घर बागडोव चला गया। मोबाईल स्वीच ऑफ कर लड़का फरार था।उसके बाद पिडिता सबुक्ता अपने मायके खूटीया से ससुराल बागडोव चली गई। वहां पर दो दिन बितने के बाद लड़की को घर के अंदर जाने नहीं दिया अंत में उसकी ननद ने चाय में जहर मिलाकर पिला दिया। इस मामले में पिडिता सबुक्ता ने बताया कि जबरन मेरी ननद गुड़िया और मिली ने चाय में जहर मिलाकर पीला दियाऔर बाहर में मरने के लिए छोड़ दिया। इस दौरान पुलिस को सूचना मिलने पर वहां पहुंचकर मुझे गाड़ी से इलाज के लिए अस्पताल पहुचाया।

## पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आया भैंसा

**भागलपुर।** जिले के नारायणपुर में एक बड़ा हादसा होते-होते उस वक्त टल गया जब पैसेंजर ट्रेन संख्या 05250 के चपेट में एक भैंसा आ गया। हालांकि इस हादसे के बाद ड्राइवर ने सूझबूझ के साथ इमरजेंसी ब्रेक लगाकर पैसेंजर ट्रेन को रोक लिया लेकिन तब तक कुछ दूर तक ट्रेन में फंसकर भैंसा ट्रेन के साथ घिसटता रहा। घटना बरौनी एवं कटिहार रेलखंड के बीच नारायणपुर एवं बिहपुर रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 79/03 के समीप की है। उक्त घटना के बारे में बताया जा रहा है कि बलाहा गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर भैंसा चर रहा था। इसी दौरान नारायणपुर स्टेशन की ओर से बिहपुर स्टेशन की ओर एक पैसेंजर ट्रेन जा रही थी। रेल चालक के द्वारा हॉर्न बजाने के बावजूद भैंसा रेल ट्रैक से नहीं हटी और ट्रेन की चपेट में आ गई। गनीमत रहा कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बाद में रेलवे कर्मचारियों के द्वारा ट्रेन में फंसी भैंसा को निकाला गया। हालाँकि इस घटना के बाद अप लाइन पर रेलवे परिचालन काफी देर तक बाधित रहा।

## पत्नी को प्रेमजाल में फंसाकर पति की कर दी हत्या

**पूर्वी चंपारण।** पहले पत्नी को प्रेम जाल में फंसाया, फिर उसके पति की कर दी हत्या। वाक्या पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र का है, जहां बीते 4 अगस्त को बगहा- दीपही रोड स्थित स्कूल के पास में आफताब आलम की हत्या कर दी गई। घटना के अनुसंधान के बाद परत दर परत मामला खुलता गया और नतीजतन पहले पत्नी का आशिक रोहित गिरफ्तार हुआ, जिसकी निशानदेही पर अब मृतक की पत्नी नाजनीन खातून भी पुलिस के हत्थे चढ़ गई। दरअसल जो बातें पुलिस अनुसंधान में सामने आई है, उसके मुताबिक रोहित आइस क्रीम बेचता था, जो अमूमन रोज ही नाजनीन के घर के पास पहुंच जाता था और उसे खूब आइसक्रीम खिलाते-खिलाते अपने प्रेम की जाल में फंसा लिया। प्यार इस कदर परवान चढा कि नाजनीन ने अपने पति आफताब और अपने दो बेटे और एक बेटी की परवाह नही की और फिर प्रेम में बाधा बन रहे आफताब को रास्ते से हटाने के लिए उसे मौत के घाट उतार दिया।

## भाई ने चाकू से गोदकर की भाई की हत्या

**भागलपुर।** जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर में गुरुवार को एक भाई ने ही चाकू से गोदकर अपने भाई की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई मोजाहिदपुर थाना पहुंचा और वहां पुलिस के पास अपनी जुर्म को कबूल कर लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई में आपसी तनाव नहीं था। आए दिन दोनों भाई के बीच विवाद होते रहता था। इसी विवाद में छोटा भाई ने घटना को अंजाम दिया। मृतक मो, इसराइल के पुत्र 35 वर्षीय अबू नसर है। वहीं आरोपित अबु शाहिद है। आसपास के लोगों के मुताबिक छोटे भाई का शादी हो गयी है। बड़े भाई की शादी होने वाली थी। मृतक नशे के आदि था। इसी को लेकर दोनों भाई के बीच विवाद हुआ और यह घटना हुई।

## 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड'

# राज्य स्तरीय पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस

### पहले दिन के तकनीकी सत्रों मे पुलिस ऑफिसर्स और विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

**चमकता राजस्थान**




जयपुर!(खलील कुरैशी) 29 अगस्त। राजधानी में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में गुरुवार से आरम्भ हुई दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस के पहले दिन आयोजित तकनीकी सत्रों में पुलिस अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने अलग-अलग सत्रों में न्यू क्रिमिनल लॉज, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स, चैट जीपीटी, डीप फेक, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), डिजिटल फॉरेन्सिक्स तथा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम से जुड़े विषयों पर अपने अनुभव साझा किए।

इस दौरान पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि कॉन्फ्रेंस के सत्रों में पुलिस अधिकारी खुलकर अपने एक्सपीरियंस शेयर करे, जिससे उनके नॉलेज और अनुभवों से सभी लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्रों में निर्धारित विषयों पर गहन चर्चा आने वाले दिनों में हमारी पुलिसिंग को और अधिक बेहतर बनाने का आधार तैयार करेगी। साहू ने कॉन्फ्रेंस के अलग-अलग सत्रों के लिए विषय संयोजन और पूरी प्लानिंग के साथ आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स, चैट जीपीटी, डीप फेक और इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) से जुड़े मुद्दों पर डीजी साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में आईजी साइबर क्राइम शरत कविराज के साथ उदयपुर रेंज के आईजी अजय पाल लाम्बा, जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, डीसीपी (वेस्ट) जोधपुर राजर्षि राज वर्मा एव हनुमानगढ़ के पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के ग्रुप की ओर से प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस सत्र के गेस्ट स्पीकर और विषय विशेषज्ञ उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता डॉ. पवन दुग्गल ने कहा कि आने वाले समय में कोई भी क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से अछूता नहीं रहेगा, एआई सभी को अपने रंग में रंग देगा। उन्होंने दुनियां में एआई को लेकर बनाए जा रहे कानूनों के साथ ही देश में आईटी एक्ट और प्रस्तावित डिजिटल इंडिया एक्ट के परिप्रेक्ष्य में एआई टूल्स और तकनीक के प्रादुर्भाव और प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।






न्यू क्रिमिनल लॉज पर विशेष सेशन डीजी (एसीबी) रवि प्रकाश मेहरड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें गेस्ट स्पीकर एवं विषय विशेषज्ञ के तौर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के तहत यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल राजीव सोनी ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं और प्रावधानों पर प्रकाश डाला और इस संदर्भ में पुलिस अधिकारियों के सवालों के जवाब दिए। इस सेशन को कॉन्फ्रेंस की ऑर्गनाईजेशन कमेटी की चेयर पर्सन और एडीजी (ट्रेनिंग) मालिनी अग्रवाल ने मॉडरेट किया। इससे पहले डीजीपी-आईजी कॉफ्रेंस-2023 की अनुशंषाओं के बारे में संजय कुमार अग्रवाल, डीजी (इन्टेलिजेन्स) ने विशेष सत्र में अपना प्रेजेंटेशन दिया।पहले दिन डिजिटल फॉरेन्सिक्स के बारे में एडीजी (पुनर्गठन) डॉ. प्रशाखा माथुर के साथ जोधपुर के आईजी विकास कुमार, कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन, अजमेर के पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र बिश्नोई, कोटपूतली-बहरोड़ की पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा तथा दौसा की पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा की टीम द्वारा प्रजेंटेशन दिया गया। इस सत्र के गेस्ट स्पीकर डाटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सीनियर डायरेक्टर वेंकटेश मूर्ति थे। इस सत्र में एफएसएल के डायरेक्टर डॉ. अजय शर्मा विशेष आमंत्रित के तौर पर शामिल हुए। वहीं मादक पदार्थों की स्मगलिंग और इनके उपभोग की रोकथाम के बारे में डीजी (रूल्स) सुनील दत्त की अध्यक्षता में आयोजित सेशन में एडीजी (रेलवेज) अनिल पालीवाल के साथ कोटा के आईजी रविदत्त गौड़, एसओजी के डीआईजी परिस देशमुख एवं चितौड़गढ़ के पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से प्रस्तुतीकरण दिया गया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, जयपुर के अधीक्षक अवधेश कुमार इस सत्र के गेस्ट स्पीकर थे। सभी तकनीकी सत्रों का संचालन डीआईजी (ट्रेनिंग) राहुल कोटोकी ने किया।

कॉन्फ्रेंस की ऑर्गनाईजेशन कमेटी की चेयर पर्सन और एडीजी (ट्रेनिंग) मालिनी अग्रवाल ने बताया कि कांफ्रेंस के दूसरे दिन शुक्रवार को छः विशेष सेशंस का आयोजन होगा। इनमें साइबर सिक्योरिटी, डार्क वेब, साइबर क्राइम इंवेस्टिगेशन एवं क्रिप्टो करेंसी के विषयों पर एडीजी (टी एंड टी) बिपिन कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस ऑफिसर्स का प्रजेंटेशन होगा। 'इमर्जिंग ट्रेंड्स ऑफ क्राइम इन राजस्थानः इवोलविंग ए यूनिफाइड स्ट्रेटेजी टू कॉम्बेट इंटर एंड इंट्रा स्टेट गैंग्स' पर एडीजी क्राइम दिनेश एमएन की अगुआई में पुलिस ऑफिसर्स का ग्रुप प्रजेंटेशन देगा। 'कॉपिंग विद चैलेंजेस ऑफ चीटिंग इन कॉम्पीटीटिव एक्जामिनेशनः नीड फोर मल्टी डाइमेंशनल अप्रोच' सेशन में एटीएस एवं एसओजी के एडीजी वीके सिंह के नेतृत्व में पुलिस ऑफिसर्स अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। शुक्रवार को ही क्राइम अगेंस्ट वीमन, चिल्ड्रन एंड अदर वीकर सैक्शन पर चौथे सेशन का प्रजेंटेशन एडीजी (सिविल राइट्स) भूपेन्द्र साहू, रोड सेफ्टी और ट्रैफिक मैनजमेंट पर एडीजी (ट्रैफिक) हवासिंह घूमरिया तथा इंटरनल सिक्योरिटी आईजी राजेश मीना की अगुआई में पुलिस अधिकारी अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।

## राज्य खेल अकादमी का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**एजेंसी**



**बिहारशरीफ।** राज्य खेल अकादमी राजगीर नालन्दा का उद्घाटन राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया।उद्घाटन के अवसर पर राज्य के कुल 9 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडियों को उनके उपलब्धि के अनुसार नगद पुरस्कार एवं सम्मान दिया गया। नवनिर्मित हॉकी टर्फ पर भारतीय महिला हॉकी टीम जो एशियन गेम्स विजेता है।

इस मौके पर प्रदर्शनी मैच का भी आयोजन किया गया जिसके उपरांत भारतीय महिला हॉकी टीम 01 सितम्बर, 2024 तक उक्त परिसर में अभ्यास करेगी तथा उनके साथ राज्य के चार एकलव्य केन्द्रों के हॉकी प्रशिक्षुओं को खेलने का अवसर मिलेगा।राज्य खेल अकादमी-सह-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम, राजगीर, नालन्दा, बिहार की कुल लागत लगभग 750 करोड रुपए है। इसका निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा कराया गया है। इसके निर्माण हेतु कार्यकारी एजेन्सी शापुरजी पोलोनजी एण्ड कम्पनी प्रा०लि० है। राज्य खेल अकादमी के प्रथम निदेशक के रूप में रविन्द्रण शंकरण मौजूद थें।

## 75वां वन महोत्सव का मंत्री ने किया उद्घाटन

**एजेंसी**

**सहरसा।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से गुरुवार को वन प्रमंडल द्वारा जय प्रकाश उद्यान प्रांगण में 75 वां वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक भागलपुर सुधीर कुमार, मुख्य अतिथि मंत्री, सहकारिता सह-पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग डॉ प्रेम कुमार, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि अंजूम हुसैन,वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रतीक आनंद, सहायक वन संरक्षक अनीश कुमार,वनों के क्षेत्र पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह,वनपाल, वनरक्षी सहित अन्य वनकर्मी मौजूद थे।

पर्यावरण ,वन एवं जलवायू परिवर्तन सह सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार द्वारा गुरुवार को वन महोत्सव एवं सहकार भवन का उद्घाटन किया। सहरसा में वन विभाग द्वारा आयोजित 75 वां वन महोत्सव में शामिल होने पहुंचे मंत्री श्री कुमार ने वृक्षारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है। जिसके कारण कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि,बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिसका निदान अधिक से अधिक पेड़ लगाकर किया जाना संभव है।उन्होंने कहा कि जब बिहार से झारखंड राज्य बना तो उस समय बिहार में सात प्रतिशत रह गया।वर्तमान समय में बिहार में करोड़ो वृक्षारोपण कर इसे सोलह प्रतिशत किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । जिले मे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हजारों वृक्षारोपण किया गया है। कार्यक्रम के तहत जय प्रकाश उद्यान में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण करते कहा कि पेड़ एवं मां दोनों जीवन दायनी है। पेड़ एवं मां समान रूप से हम सबों को स्वस्थ रखती है, पोषण करती है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से हो रहे प्राकृतिक विपदाओं एवं इससे निजात पाने के लिए हरियाली बढ़ाने की महत्ता पर प्रकाश डाला।



## ड्रोन सिस्टम से नैनो यूरिया व डीएपी छिड़काव प्रदर्शित

**मधुबनी।** जिला के फुलपरास अनुमंडल में गुरुवार को कृषि आधारित बीज गुणन प्रक्षेत्र निरीक्षण हुई। अवसर पर कृषि सह परिवहन सचिव संजय अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। डीपीआरओ परिमल कुमार ने बताया कि फुलपरास अनुमंडल में कृषि विभाग द्वारा नैनो सिस्टम की जानकारी किसानो से साझा की गई। जिला के फुलपरास प्रखंड में स्थित बीज गुणन प्रक्षेत्र एकहारा का निरीक्षण किया गया। अवसर पर कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी तथा सहायक निदेशक उद्यान को किसानों के द्वारा सरसों, चना, मटर, मसूर सहित अन्य दलहनी फसलों तथा नींबू केला, पपीता एवं अंजीर की खेती को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति में भ्रष्टाचार !

**कोलकाता। संवाददाता**

शिक्षकों, नगर पालिकाओं के बाद स्वास्थ्यकर्मी भर्ती की जानकारी अब सीबीआई के हाथ लगी है। पिछले कुछ वर्षों में आरजी कर अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती में ब्यापक भ्रष्टाचार हुआ है ये केंद्रीय जांचकताओं के हाथों भारी तथ्य आयी है। सीबीआई ने दावा किया कि यह सनसनीखेज जानकारी आरजी कर द्वारा युवा डॉक्टर से बलात्कार और हत्या की जांच शुरू होने के बाद मिली। केंद्रीय जांच अधिकारियों ने आरजी कर के इस भर्ती भ्रष्टाचार और शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार और सार्वजनिक भर्ती भ्रष्टाचार के बीच कई समानताएं भी पाई हैं। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि इस स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती घोटाले के पीछे आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष का हाथ है। इसलिए उनसे पूछताछ के दौरान सीबीआई

**आरजी कार पर सीबीआई का शक**



इस विषय को उठा सकती है।

आरजी कर हॉस्पिटल भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने भी संदीप घोष के खिलाफ ईसीआईआर दर्ज की है। नतीजतन, आरजी कर के अलावा, ईडी यह जांच कर सकती है कि कोलकाता या राज्य के अन्य अस्पतालों में भर्ती में भ्रष्टाचार हुआ है या नहीं। इस बीच, बुधवार को भ्रष्टाचार की जांच के लिए सीबीआई की एक टीम मंगलवार देर रात तक आरजी कर अस्पताल में रही। सीबीआई अधिकारियों ने आरजी कर के प्रिंसिपल और अधीक्षक से बात की और कई तथ्य जाने। उन्होंने आरजी कर के प्रमुख रहते हुए संदीप घोष द्वारा हस्ताक्षरित फाइलों की जांच की। संदीप बाबू और उनके कार्यालय के कर्मचारियों ने कार्यालय में रहते हुए कई कंप्यूटरों को बेकार समझकर छोड़ दिया। सीबीआई के मुताबिक, कंप्यूटर में भ्रष्टाचार की बहुत सारी जानकारी हो सकती है। इसलिए सीबीआई ने उन पुराने कंप्यूटरों की हार्ड डिस्क बरामद की और उन्हें परीक्षण के लिए अपने कार्यालय में ले गई।

बुधवार दोपहर को फिर से सीबीआई की एक टीम आरजी कर अस्पताल पहुंची। उन्होंने टेंडर के लिए इस्तेमाल किए गए कथित फर्जी दस्तावेजों की जांच की। सीबीआई के मुताबिक, आरजी कर अस्पताल में पिछले कुछ सालों में कई स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की गई है। इनमें 'तकनीकी स्टाफ' की संख्या अधिक है। प्रयोगशाला रोगविज्ञानी, सूक्ष्म जीवविज्ञानी, विभिन्न विभागों और विभागों में विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाती है। इन पदों पर भर्ती के लिए कोई लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की गई थी। सिर्फ इंटरव्यू था। साक्षात्कार के बाद एक ब्रॉडशीट तैयार की गई। इसमें नामों की एक सूची थी। सीबीआई के पास लाई गई शिकायत के मुताबिक नामों की सूची में फजीर्वाड़ा हुआ है। जिन लोगों के नाम सूची में अपेक्षाकृत नीचे थे, उन्हें मोटी रकम के बदले में उनका नाम सबसे ऊपर रखने की व्यवस्था की गयी। आरजी कर अथॉरिटी ने उनके लिए नई लिस्ट तैयार की है। आरोप है कि हर पदवी के लिए औसतन दस लाख रुपये वसूले गए। हालांकि, सीबीआई इस जानकारी की पुष्टि कर रही है।

## फिलहाल राजनीति से ब्रेक, जमानत पर रिहा होने के बाद शंकर आध्या ने की घोषणा

**कोलकाता। संवाददाता**

जमानत पर रिहा होने के बाद घर लौटने पर ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी शंकर आध्या ने फिलहाल राजनीति से दूर रहने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने दावा किया कि वह राजनीतिक साजिश का शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे।

आम जनता की तरह लोगों के साथ खड़े रहेंगे।

राशन भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार शंकर आध्या को बैंकशाल कोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। वह देर रात इलाके में लौटे। प्रिय नेता के क्षेत्र में पहुंचने पर समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद



बुधवार दोपहर शंकर ने अपने घर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। वहां उन्होंने कहा, "मेरे खिलाफ साजिश की गयी है। मैं राजनीतिक साजिश का शिकार हुआ हूं। इसके बाद शंकर आध्या ने कहा कि वह फिलहाल सक्रिय राजनीति से दूर रहेंगे। शंकर आध्या ने यह भी कहा कि भले ही वह राजनीति से दूर रहेंगे, लेकिन वह लोगों के साथ खड़े रहेंगे। उनके शब्दों में, लोगों के साथ खड़े होने के लिए राजनीतिक पहचान की जरूरत नहीं होती। क्या अचानक राजनीति छोड़ने का फैसला पार्टी से नाराजगी के चलते लिया गया है? इस सवाल के जवाब में शंकर ने कहा, "मुझे पार्टी में किसी से कोई शिकायत नहीं है।" शंकर के अनुगामी को उम्मीद है कि वह कुछ आराम के बाद सक्रिय राजनीति में लौटेंगे। लेकिन आखिर में शंकर आध्या क्या करेंगे? जिस पर सबकी नजर है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर मंत्री प्रेमचंद ने तीर्थनगरी के राष्ट्रीय खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**ऋषिकेश।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक और मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने गुरुवार को तीर्थनगरी ऋषिकेश की राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व खिलाडियों को भी सम्मानित किया गया और उन्हें तीर्थनगरी की धरोहर बताया गया। बैराज रोड स्थित कैम्प कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री डॉ. अग्रवाल ने रोलर स्केटिंग के आयुष नेगी, रस्साकस्सी की मानवी पयाल, फुटबॉल की अर्पिता रतूड़ी, रस्साकस्सी के सुजल प्रजापति, रग्बी के करण शाही, और मार्शल आर्ट के अनुराग कोहली को पुष्पगुच्छ और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके साथ ही कोच दिनेश पैन्यूली, पिंकी पयाल, पूजा गुसाई, रोशन पंत और कुलभूषण द्विवेदी को भी सम्मानित किया गया।

### यूनान के क्रेते द्वीप में आया 5.2 तीव्रता का भूकंप

**एथेंस।** दक्षिणी यूनान के क्रेते में बुधवार को रिएक्टर स्केल पर 5.2 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। इसमें किसी के घायल होने या नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एथेंस जियोडायनामिक इंस्टीट्यूट ने बताया कि समुद्र के अंदर भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 7:29 बजे क्रेते और गावडोस द्वीप के बीच आया। इसकी गहराई 11.6 किलोमीटर थी। अग्निशमन विभाग ने कहा कि उसे किसी के घायल होने या इमारतों को नुकसान पहुंचने की कोई प्रारंभिक रिपोर्ट नहीं मिली है।

### तस्करी के आरोप में पंजाब के चार व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू।** कुल्लू के थाना भुंतर के अंतर्गत पुलिस ने हेरोइन की बड़ी खेप के साथ पंजाब के चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें पुलिस रिमांड हासिल करने के लिए न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया को पुलिस द्वारा पूरा किया जा रहा है। नशा तस्करी का मामला बुधवार देर शाम सामने आया जब पुलिस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि बाहरी राज्य से आए व्यक्ति भुंतर में नशे का कारोबार कर रहे हैं सूचना मिलते ही पुलिस ने सैनिक चौक के समीप एक होटल में दबिश दी। नशे की खेप के साथ चार व्यक्ति पुलिस द्वारा गिरफतार कर लिया गए।

### बलूचिस्तान में आतंकी हमले की गाज आईजी अब्दुल खालिक शेख पर गिरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांत बलूचिस्तान में हाल में हुए आतंकी हमले की गाज पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अब्दुल खालिक शेख पर गिरी है। संघीय सरकार ने बुधवार को उन्हें बलूचिस्तान से हटा दिया। उनके स्थान पर मोअज्जम जाह अंसारी को नया आईजी नियुक्त किया गया है। डॉन अखबार के अनुसार, स्थापना प्रभाग ने इस आशय की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार पाकिस्तान पुलिस सेवा के बीएस-21 अधिकारी अब्दुल खालिक शेख को पद से हटा दिया गया है और बीएस-22 के एक अन्य पीएसपी अधिकारी मोअज्जम जाह अंसारी को आईजीपी नियुक्त किया गया है।

### नाले में बहे व्यक्ति का शव बरामद

**देहरादून।** देहरादून के मथुरावाला नौका हिल के पास बीती रात एक व्यक्ति नाले में बह गया है। एसडीआरएफ टीम ने गुरुवार सुबह सर्चिंग अभियान चलाकर शव को बरामद किया है। सीटी कंट्रोल रूम देहरादून से सूचना मिलते ही वाहिनी मुख्यालय से एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल के लिये रवाना हुई थी। घटनास्थल पर पहुंचकर नाले में सर्चिंग की गई, लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण उक्त व्यक्ति का पता नहीं चल पाया। एसडीआरएफ टीम ने आज सुबह पुनः घटनास्थल पर पहुंचकर नदी किनारे संभावित स्थानों पर गहन सर्चिंग की।

### सोशल मीडिया पर सार्वजनिक टिप्पणियां अनुचित : राजेंद्र सिंह राठौड़



**जयपुर।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल की टिप्पणी के बाद उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर चल रही सार्वजनिक टिप्पणियों की निंदा करते हुए इसे अनुचित बताया है। राठौड़ ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया कि विगत कुछ दिनों से भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशाला में प्रभारी महोदय की टिप्पणी की आड में कतिपय सामाजिक व राजनीतिक संगठन चाय के प्याले में तूफान खड़ा करके मुझे लेकर कई प्रकार की सार्वजनिक टिप्पणियां कर रहे हैं जिसे मैं अनुचित मानता हूं। उन्होंने कहा कि मैं विगत 35 वर्षों से पार्टी का अनुशासित कार्यकर्ता रहा हूं। पार्टी की रीति-नीति व विचारधारा के आधार पर मैंने अपना राजनीतिक जीवन आगे बढ़ाया है।

---

कृषि विश्वविद्यालय में प्राकृतिक खेती पर जागरुकता विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ रही है: बागडे



**जयपुर / बीकानेर। एजेंसी**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्राकृतिक खेती अपनाए जाने की जरूरी है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति क्षीण हो रही है। इनके अंधाधुंध उपयोग से कैंसर जैसे असाध्य रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। राज्यपाल बागडे गुरुवार को कृषि विश्वविद्यालय के विद्या मंडप में 'प्राकृतिक खेती पर जागरुकता कार्यक्रम' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

बागडे ने कहा कि पचास साल पहले तक कोई भी रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं करता था। परिस्थितिवश इनका उपयोग शुरू हुआ। आज इन उर्वरकों के अनेक दुष्परिणाम हमारे सामने हैं। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गांव का पानी, गांव में ही रुके, ऐसे प्रयास किए जाएं। उन्होंने शून्य खर्च आधारित खेती के बारे में बताया और कहा कि यह भूमि अन्नपूर्णा है। सकारात्मक तरीके से इसका जितना उपयोग करेंगे, यह अधिक लाभ देगी।

राज्यपाल ने कहा कि एक दौर था जब देश के 40 करोड़ लोगों का पेट भरने हमारे पास पर्याप्त अन्न नहीं था। इस दौर में हमारे अन्नदाताओं ने भरपूर मेहनत की। इसकी बदौलत आज 140 करोड़ देशवासियों का पेट भरने के बाद भी हमारे अन्न के भंडार भरे हुए हैं। उन्होंने कृषि के साथ गोपालन करने का आह्वान किया। प्रदेश की गो आधारित सहकारिता कार्यों की सराहना की और कहा कि कृषि और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ेगी। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संगोष्ठी से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने ऐसे आयोजन समय-समय पर आयोजित करने का आह्वान किया।

### कृषि और कृषक कल्याण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है : अर्जुन राम

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कृषि और कृषक कल्याण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मोदी के नेतृत्व में किसानों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और कहा कि हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगा। उन्होंने स्वामी केशवानंद के शिक्षा के विकास में दिए गए योगदान को याद किया और कहा कि 9 दिसंबर 1925 को महाराजा गंगासिंह ने नहर लाने की कार्ययोजना शुरूआत की। उसके सौ वर्ष पूर्ण होने पर 'बीकानेर के सुशासन के सौ वर्ष' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें उद्योग, साहित्य, कृषि, पत्रकारिता आदि के क्षेत्र में उल्लखेनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने श्रीअन्न (मोटे अनाज) को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता जताई और कहा कि राजस्थानी वनस्पति फोगला, केर, सांगरी और तुंबा आदि पर अनुसंधान किए जाने की जरूरत है।

### सीवर लाइन में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के डबुआ थाना क्षेत्र एरिया के सैनिक कॉलोनी में सीवर लाइन के मेनहॉल में बुधवार की रात एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक 46 वर्षीय शशिकांत झा इसी कॉलोनी में रहने वाले थे। बीते शनिवार को घर से बिना बताए निकले थे। इस दौरान परिवार वालों ने पुलिस कोई सूचना नहीं दी। बुधवार की देर शाम जब नगर निगम की टीम मशीन लेकर मेनहॉल की सफाई करने पहुंची तो सीवर लाइन में एक शव पड़ा देखा। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नगर निगम के कर्मचारियों की सहायता से शव को मेनहॉल से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने आसपास के रहने वाले लोगों से इसकी पहचान करवाई तो 46 साल के शशिकांत झा के तौर पर हुई। शशिकांत इसी कॉलोनी में वह अपनी पत्नी, दो बेटे वह एक बेटी के साथ यहां रहते थे। शशिकांत एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। बताया जाता है कि वह बहुत ज्यादा शराब का सेवन करने के आदि भी थे। शनिवार शाम को वह घर से बिना बताए निकले थे, परिवार ने अपने स्तर पर उनकी बहुत तलाश की और इसकी कोई सूचना भी पुलिस को नहीं दी थी।

## रूस में प्रवेश नहीं कर पाएंगे अमेरिकी पत्रकार और व्यवसायी, लगाया प्रतिबंध



**मॉस्को। एजेंसी**

रूस ने 92 अमेरिकी नागरिकों को अपने देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें वॉल स्ट्रीट जर्नल, न्यूयॉर्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकारों सहित कई वकील और नामी व्यवसायी भी शामिल हैं। यूक्रेन के साथ युद्ध के बीच रूस और अमेरिका के बीच शीत युद्ध जारी है, इससे दोनों देशों के बीच संबंध काफी खराब हो गए हैं।

वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने जवाबी कार्रवाई करने पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि वह रूसी हस्तियों के खिलाफ प्रतिबंधों का जवाब दे रहा है। वहीं, अभी यह सत्यापित करना बाकी है कि सूचीबद्ध सभी लोगों के पास अमेरिकी राष्ट्रीयता है या नहीं। मंत्रालय द्वारा टेलीग्राम पर प्रकाशित सूची में वॉल स्ट्रीट जर्नल के 14 कर्मचारी, न्यूयॉर्क टाइम्स के पांच पत्रकार और वाशिंगटन पोस्ट के चार पत्रकार शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि रूस अग्रणी उदारवादी-वैश्विक प्रकाशनों के संपादकीय कर्मचारियों और पत्रकारों को निशाना बना रहा है, जो रूसी सशस्त्र बलों के बारे में लिखते हैं और लोगों को उनका सच बताते हैं। रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से अमेरिका और यूरोपीय देशों ने कई चरणों में आर्थिक और सामाजिक प्रतिबंध रूस पर लगाकर दुनिया से अलग-थलग करने की कोशिश की है।

### इलाज के अभाव में एक व्यक्ति की मौत

**गुप्तकाशी।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित होने और सुविधा संपन्न अस्पताल की कमी के कारण कई मरीज उचित इलाज के अभाव में अपनी जान गंवा रहे हैं। हाल ही में गुप्तकाशी के कुरनी निवासी प्रमोद नौटियाल का पीलिया के कारण निधन हो गया, क्योंकि उन्हें समय पर उचित इलाज नहीं मिल सका। प्रमोद नौटियाल पिछले एक सप्ताह से पीलिया से पीड़ित थे, लेकिन स्थानीय स्तर पर सही उपचार की कमी के चलते उनकी हालत बिगड़ती गई और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय गुप्तकाशी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आकर्ष उनियाल ने बताया कि पीलिया कई प्रकार के होते हैं। इसका प्राथमिक इलाज आवश्यक होता है।

## तबादला सूचियों को लेकर अपना रुख स्पष्ट करें भजनलाल सरकार : गहलोत



**जयपुर। एजेंसी**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार से तबादलों को लेकर अपनी स्थिति साफ करने को कहा है। उन्होंने लिखा कि सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि निकट भविष्य में कोई तबादला सूची नहीं आएगी जिससे अधिकारी अनिश्चितता की स्थिति को छोड़कर काम कर सकें। गहलोत ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि हमारी सरकार के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी पर तमाम आरोप लगाए थे। हमारी सरकार द्वारा विभिन्न पदों पर आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आरएएस, आरपीएस की नियुक्तियों पर भाजपा के साथी अनर्गल टिप्पणियां करते थे। आज सरकार के करीब आठ महीने हो जाने के बाद भी सरकार चलाने वाले प्रमुख पदों पर हमारी सरकार के समय लगाए गए अधिकारी ही काबिज हैं। यह दिखाता है कि हमारी सरकार द्वारा की गईं नियुक्तियां पूरी तरह उचित थीं एवं भाजपा के आरोप पूरी तरह गलत साबित हुए हैं। उन्होंने लिखा कि तबादला सूची के इंतजार में अब अधिकारियों के बीच भी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है जिसके कारण जनता के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरकार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि निकट भविष्य में कोई तबादला सूची नहीं आएगी।

## रहमान और पूर्व कानूनमंत्री सादिख को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेजा

- अदालत ने दोनों को चौथी बार एजेंसी को पुलिस रिमांड पर सौंपा है
- दोनों राजधानी के सदरघाट इलाके से जलमार्ग के रास्ते देश से भागने की कोशिश कर रहे थे

**ढाका। एजेंसी**

ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट नुरुल हुदा चौधरी ने हालिया छात्र आंदोलन के दौरान बड्डा में एक युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में शेख हसीना के पूर्व सलाहकार सलमान एफ रहमान और पूर्व कानूनमंत्री अनीसुल हक को आज सुबह हिरासत में लेकर पूछताछ करने के लिए पुलिस को पांच दिन का और समय दिया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, अदालत ने दोनों को चौथी बार एजेंसी को पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

पुलिस रिमांड की अवधि खत्म होने पर दोनों को कोर्ट लेकर पहुंची। इसके अतिरिक्त, अदालत ने राजधानी के रूबेल हत्याकांड केस में पूर्व विधायक मोहम्मद सादेक खान और पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारी जियाउल अहसन को पांच दिन के रिमांड पर भेजा। जांच एजेंसी ने पूर्व सांसद अनीसुल हक और राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र के पूर्व महानिदेशक जियाउल अहसन को भी सुबह 7 बजे अदालत में पेश किया। पुलिस ने प्रत्येक के लिए 10 दिन की रिमांड का अनुरोध किया। मगर अदालत ने सभी को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा। रिमांड सुनवाई के दौरान पूर्व सांसद अनीसुल ने अदालत को बताया कि सलमान और उन्होंने (दोनों) कोटा सुधार आंदोलन का समर्थन किया था। हम निर्दोष हैं, घटना से अनजान हैं। हम अदालत से न्याय चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने दोनों 13 अगस्त को गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा है कि दोनों राजधानी के सदरघाट इलाके से जलमार्ग के रास्ते देश से भागने की कोशिश कर रहे थे।

# कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 01 एकड़ भूमि में 'मातृ वन' स्थापित करेगा : शिवराज



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर (पूसा) में पौधारोपण किया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि मंत्रालय 01 एकड़ भूमि में मातृ वन स्थापित करेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्विक अभियान एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ किया था। उनके संकल्प को सुनिश्चित करने के लिए आज केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जन आंदोलन के रूप में इस अभियान की शुरूआत की है।

उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित लोगों व छात्रों को वृक्षारोपण कर अपनी माँ और धरती माँ के प्रति सम्मान प्रकट करने का आह्वान किया। केंद्रीय कृषि मंत्री ने इस दौरान बताया कि देशभर में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालय, आईसीएआर संस्थान, सीएयू, केवीके और एसएयू भी अपने-अपने स्थानों पर इसी तरह का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत 800 से अधिक संस्थानों ने भाग लिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दौरान 3000-4000 पौधे लगाए जाएंगे।

कृषि मंत्रालय ने एक जारी बयान में कहा है कि वैश्विक अभियान के हिस्से के रूप में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय यह सुनिश्चित करने के प्रयास कर रहा है कि सितंबर 2024 तक देशभर में 80 करोड़ पौधे और मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाए जाएं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 20 जून 2024 को असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में वृक्षारोपण गतिविधि शुरू की, जिसमें व्यक्तियों ने अपनी माताओं के सम्मान में पेड़ लगाए। पेड़ लगाने से सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ के उद्देश्य को भी पूरा किया जाता है जो पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवन शैली का एक जन आंदोलन है।

कृषि मंत्रालय के मुताबिक कृषि में, पेड़ उगाना टिकाऊ खेती को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पेड़ मिट्टी, पानी की गुणवत्ता में सुधार करके और जैव विविधता को बढ़ाकर कृषि उत्पादकता में सुधार करने में मदद करते हैं। पेड़ किसानों को लकड़ी और गैर-लकड़ी उत्पादों से अतिरिक्त आय का स्रोत भी प्रदान करते हैं। अभियान में भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण को रोकने और उलटने की अपार क्षमता है।

---

**उद्घाटन** राज्यपाल ने मौसम विज्ञान विभाग की कार्यशाला का किया उद्घाटन

# जलवायु परिवर्तन आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या : रमेन

- मौसम विभाग के पूवार्नुमान की सटीकता में निरंतर बढ़ोत्तरी हुई है
- जान-माल की हानि को कम करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ है



**रायपुर। एजेंसी**

जलवायु परिवर्तन आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। हमें इसके प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने के लिए ज्यादा सक्षम और तैयार होना होगा। राज्यपाल रमेन डेका ने आज गुरुवार को यहां मौसम विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। भारत मौसम विज्ञान विभाग इस वर्ष अपनी सेवाओं का 150 वां वर्ष मना रहा है। इस उपलक्ष्य में विभाग के हितधारकों की एक दिवसीय कार्यशाला आज न्यू सर्किट हाउस रायपुर के कन्वेंशन हॉल में आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका ने किया। इस अवसर पर श्री डेका ने विभाग की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी अथक सेवाओं के कारण आज हम प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों का बेहतर तरीके से सामना कर पा रहे है।

राज्यपाल ने कहा कि, मौसम विभाग के पूवार्नुमान की सटीकता में निरंतर बढ़ोत्तरी हुई है जो सुनामी, चक्रवात जैसी आपदाओं के दौरान जान-माल की हानि को कम करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि मौसम का पूवार्नुमान, एक आम नागरिक के पारिवारिक समारोह से लेकर अनेक सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में उपयोगी है। राज्यपाल ने रायपुर में स्थापित मौसम विज्ञान केंद्र के कार्यो की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह राज्य स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक मौसम की जानकारी और पूवार्नुमान को प्रसारित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

केंद्र मौसम द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ न केवल किसान, बल्कि आपदा प्रबंधन, विमानन, वन संसाधन, शहरी योजना, खनन, परिवहन, स्वास्थ्य, भारतीय वायुसेना, सुरक्षा बल और आम जनता भी उठा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग आने वाले वर्षों में अपने मिशन को सफलता पूर्वक पूरा करता रहेगा और देश को मौसम और जलवायु सेवाओं में एक वैश्विक शक्ति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। कार्यक्रम में भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने विभाग की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर गिरीश चंदेल ने मौसम विभाग के सहयोग से कृषि व किसानों के हित में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर की प्रमुख अधिकारी सामंति सरकार ने दिया। इस अवसर पर मौसम विज्ञान विभाग के हितधारक, केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी, मौसम वैज्ञानिक, विद्यार्थी उपस्थित थे।

### चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा होते ही कांग्रेस में मचेगी भगदड़: सुनैना



**फतेहाबाद। एजेंसी**

इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव सुनैना चौटाला ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही किसान विरोधी रही है। अगर भाजपा किसानों की हितैषी होती तो कंगना रनौत की हिम्मत नहीं थी कि इस तरह का बयान देकर किसानों को अपमानित कर सके। अब तक भाजपा ने अपनी सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई न करना शर्मनाक है। ऐसी पार्टी के नेताओं को किसानों को वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है। इनेलो की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में दूसरे दिन गुरुवार को भी बिश्नोई बैल्ट के विभिन्न गांवों में सभाओं को संबोधन के दौरान कही। इनेलो नेता ने गांव धांगड़ से अपने दौरे की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने गांव बड़ोपल, चिन्दड़, खाराखेड़ी, भोड़ा होशनाक, कुम्हारिया, काजलहेड़ी और मोहम्मदपुर रोही का भी दौरा किया और ग्रामीणों से जननायक चौ. देवीलाल के जन्मदिन पर होने वाले कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भग लेने का निमंत्रण दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी के हौंसला बढ़ाने से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की मिलती है प्रेरणा : मनु

**नई दिल्ली। एजेंसी**



पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतकर रिकार्ड बनाने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर ने कहा है कि 2018 राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उसका भविष्य उज्जवल है और ये बात सही निकली। मनु ने कहा कि प्रधानमंत्री पदक विजेताओं को सम्मान करने के दौरान उनका हौंसला भी बढ़ते रहते हैं जिससे खिलाड़ियों को और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

मनु ने खेल दिवस पर पुरानी बातों को याद कर कहा, तब प्रधानमंत्री मोदी ने मुझसे कहा, तुम बहुत युवा हो। तुम इससे भी बड़ी सफलता हासिल करोगी और जब भी तुम्हें किसी चीज की जरूरत हो, तुम मुझसे संपर्क करना। उनके यह शब्द मेरे लिए प्रेरणा बन गये। न केवल सफलता के अवसरों पर बल्कि असफलता के दौर में भी प्रधानमंत्री साथ दिया। जब टोक्यो ओलंपिक में कुछ तकनीकी खराबी के कारण मनु पदक नहीं जीत पायीं थीं जब प्रधानमंत्री ने उन्हें प्रोत्साहित किया और उनकी भविष्य की योजनाओं पर बात की। मनु ने कहा, प्रधानमंत्री ने मुझे आत्मविश्वास से भरे रहने और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने को कहा था। उनकी यह खासियत है कि वह प्रत्येक खिलाड़ी के बारे में हर बात पर नजरें बनाये रखते हैं।

प्रधानमंत्री परिणाम की परवाह किए बिना हर एथलीट को प्रोत्साहित करने और उसका समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मनु ने जब पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला पदक जीता था तभी प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे फोन पर बात की और उन्हें बधाई दी। इसके बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल में भी दूसरा कांस्य जीता था।

# भांबरी और बालाजी ने युगल मैच जीते

- भांबरी और ओलिवेटी ने शानदार शुरूआत की
- इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने चौथे गेम में ब्रेक जीता

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने यूएस ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में अपने-अपने पुरुष युगल मैचों में जीत दर्ज की है। युकी भांबरी ने अपने फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी के साथ सीधे सेटों में जीत हासिल की, जबकि एन श्रीराम बालाजी और अर्जेंटीना के गुइडो आंद्रेओजी ने बुधवार को कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर राउंड ऑफ 32 में प्रवेश किया। युकी भांबरी और अल्बानो ओलिवेटी ने 77 मिनट में अमेरिका के वाइल्डकार्ड पैट्रिक ट्राहाक और रयान सेगरमैन पर 6-3, 6-4 से जीत हासिल कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। भांबरी और ओलिवेटी ने शानदार शुरूआत की। इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने चौथे गेम में ब्रेक जीता और अपने सभी सर्विस गेम जीतकर पहला सेट 6-3 से अपने नाम किया।





■ युकी भांबरी ने अल्बानो ओलिवेटी के साथ सीधे सेटों में जीत हासिल की

इसके बाद भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी ने दूसरे सेट में अपनी सर्विस पर अपना दबदबा बनाए रखते हुए सेट और मैच अपने नाम किया। इस बीच, एन श्रीराम बालाजी और गुइडो आंद्रेओजी ने न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वेरेला को दो घंटे और 36 मिनट में 5-7, 6-1, 7(12)-6(10) से हराया।

पहला सेट बहुत ही करीबी रहा, जिसमें दोनों जोड़ियों ने शानदार खेल दिखाया। छठे गेम में, मार्कस और मिगुएल के पास दो ब्रेक पॉइंट थे, लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया, क्योंकि सेट 3-3 पर ही रहा। टाई-ब्रेक से ठीक पहले, मार्कस और मिगुएल ने 12वें गेम में ब्रेक जीतकर सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया। हालांकि, बालाजी और आंद्रेओजी ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की। उन्होंने शुरूआती तीन गेम में अपने विरोधियों की सर्विस दो बार तोड़ी और 3-0 से आगे हो गए। आखिरकार उन्होंने सेट 6-1 से जीत लिया और निर्णायक सेट में प्रवेश किया।

अंतिम सेट में, बालाजी और आंद्रेओजी के पास नौवें गेम में ब्रेक जीतकर मैच को सील करने का शानदार मौका था। हालांकि, जब दोनों मैच के लिए सर्विस कर रहे थे, तो मार्कस और मिगुएल तुरंत ब्रेक करके मैच को टाई-ब्रेकर में ले गए। कड़े मुकाबले वाले टाई-ब्रेक में, बालाजी और आंद्रेओजी ने अंततः 12-10 से जीत हासिल की और अगले दौर में प्रवेश किया।

### एनडीआरएफ ने क्रिकेटर राधा को बचाया

**नई दिल्ली।** भारत की बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने वडोदरा में बाढ़ के कारण खतरनाक स्थिति में फंसने के बाद बचाए जाने पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के प्रति आभार व्यक्त किया है। यादव ने इंस्टाग्राम पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को उनकी मदद के लिए धन्यवाद दिया। एक वीडियो में, यादव ने अपने आस-पास की बाढ़ के दृश्य साझा किए, जिसमें बचाव कर्मियों को एक बेड़ा पर सवार होकर जलमग्न सड़कों पर चलते हुए दिखाया गया। वीडियो में लोगों को पानी से गुजरते हुए भी दिखाया गया, जो उनके सामने आने वाली विकट परिस्थितियों को दशार्ता है। स्थिति की गंभीरता और बचाव दल द्वारा समय पर हस्तक्षेप को उजागर करते हुए यादव ने लिखा, ₹हम बहुत बुरी स्थिति में फंस गए थे। हमें बचाने के लिए एनडीआरएफ का बहुत-बहुत धन्यवाद। गुजरात में आई बाढ़ ने व्यापक तबाही मचाई है, जिसमें 28 लोगों की जान जाने की पुष्टि हुई है और लगभग 18,000 अन्य लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया है। लगातार हो रही बारिश ने पूरे समुदाय को जलमग्न कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आतिशी पारी खेलने के बाद मयंक गुसाईं ने कहा- अभ्यास से किया मुमकिन



**नई दिल्ली।** अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में अपने पिछले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली पुरानी दिल्ली 6 के बल्लेबाज मयंक गुसाईं के अनुसार डेथ ओवरों में छक्के लगाना काफी आसान था। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों में 40 रन बनाए। पुरानी दिल्ली 6 ने मंगलवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 20 रन से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी तीसरी जीत दर्ज की थी। पुरानी दिल्ली 6 को 190 रन के आंकड़े तक पहुंचाने में मयंक की पारी ने अहम भूमिका निभाई। डेथ ओवरों में अपनी बल्लेबाजी को लेकर मयंक ने एक बयान में कहा छक्के जड़ना मुश्किल नहीं था, मैंने इसके लिए बहुत अभ्यास किया है और मुझे खुशी है कि कल का दिन अच्छा रहा। मैं खुद को एक अच्छा फिनिशर मानता हूं और टीम में भी मुझे यही भूमिका दी गई है। मैं चीजों को सरल रखता हूं और बस गेंद को अच्छे से देखकर उसे मारता हूं।

### केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने मेजर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. मंडाविया ने पत्रकारों से कहा कि देश के नागरिकों को फिट और स्वस्थ रहना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ नागरिक एक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है और एक स्वस्थ समाज एक समृद्ध देश का निर्माण करता है। मंत्री ने कहा कि सभी नागरिकों को अपने व्यस्त कार्यक्रम से एक घंटा निकालकर अपनी रुचि का कोई एक खेल खेलना चाहिए और फिट रहना चाहिए। उन्होंने कहा मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती को हम राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सही कहा है कि जो खेलेंगे, वो खिलेंगे। देश के नागरिक स्वस्थ रहें, स्वस्थ नागरिक स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं और स्वस्थ समाज समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है।

# भारत के शारूक खान 3000 मीटर स्टीपलचेज के फाइनल में

**लीमा। एजेंसी**

भारत के शारूक खान ने यहां विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैंपियनशिप की हीट रेस में छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय अंडर 20 रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। 18 वर्षीय खान ने बुधवार देर रात हीट वन में 8 मिनट 45.12 सेकंड का समय लेकर छठा स्थान प्राप्त किया और 31 अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। दोनों हीट रेस में से प्रत्येक में पहले आठ फिनिशर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। इस स्पर्धा में पहले राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड राजस्थान के 19 वर्षीय राजेश के नाम था, जिन्होंने मई में भुवनेश्वर में फेडरेशन कप नेशनल सीनियर चैंपियनशिप में 8:50.12 सेकंड का समय लेकर चौथा स्थान हासिल किया था। खान का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 8:51.75 था, जो उन्होंने पिछले साल जून में कोरिया में एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप में रजत पदक जीतते हुए बनाया था। यह उस समय का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी था, लेकिन राजेश ने इसे बेहतर बनाया। एक अन्य भारतीय जय कुमार ने 46.96 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ सेमीफाइनल हीट रेस में तीसरा स्थान हासिल कर पुरुषों की 400 मीटर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।



# भारतीय-अमेरिकी रेसर युवेन सुंदरमूर्ति ने वर्ल्ड वाइड टेक्नोलॉजी रेस-वे में जीता तीसरा स्थान

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय मूल के युवा अमेरिकी रेसिंग स्टार युवेन सुंदरमूर्ति ने 2024 फायरस्टोन इंडी एनएक्सटी सीरीज सीजन में अपना पहला पोडियम फिनिश कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। युवेन ने वर्ल्ड वाइड टेक्नोलॉजी रेस-वे की 11वीं रेस में तीसरा स्थान हासिल किया। आठवें स्थान से शुरूआत करते हुए सुंदरमूर्ति ने असाधारण दौड़ कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया, और धीरे-धीरे मैदान में आगे बढ़ते गए। 75 लैप्स के दौरान उन्होंने एक मजबूत गति बनाए रखी और प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें तीसरा स्थान दिलाया। इस प्रश्न से सुंदरमूर्ति ने सीजन टैली में 35 मूल्यवान अंक प्राप्त किए। सीजन के अपने पहले पोडियम फिनिश पर उत्साहित युवेन सुंदरमूर्ति ने आभार व्यक्त करते हुए कहा यह पोडियम फिनिश मेरी टीम और मुझ पर विश्वास करने वाले सभी लोगों के वर्षों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट समर्थन का परिणाम है।

2024 फायरस्टोन इंडी एनएक्सटी सीरीज में पोडियम हासिल करने वाला पहला भारतीय अमेरिकी बनना एक सम्मान की बात है। यह एक ऐसा क्षण है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। यह परिणाम एबीईएल मोटरस्पोर्ट्स के अथक प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि यह मंच आगे बढ़ने, सुधार जारी रखने और आगामी दौड़ में और भी ऊंचे लक्ष्य रखने की मेरी इच्छा को बढ़ावा देता है।'



# आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली। एजेंसी**

नवनियुक्त आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने गुरुवार को राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद की जयंती) के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। 'द विजार्ड' के नाम से विख्यात ध्यानचंद ने 1925 से 1949 तक भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान सेंटर फॉरवर्ड के रूप में खेले गए 185 मैचों में 1500 से अधिक गोल किए, जिसमें 1928, 1932 और 1936 में जीते गए तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक शामिल हैं। उन्हें 1956 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया और 29 अगस्त को उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नव निर्वाचित आईसीसी अध्यक्ष ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹इस राष्ट्रीय खेल दिवस पर, मैं हमारे एथलीटों, कोचों और उन सभी लोगों की हार्दिक सराहना करता हूं जिन्होंने अपना जीवन खेलों के लिए समर्पित कर दिया है। जैसा कि हम मेजर ध्यानचंद जी की जयंती पर उनकी विरासत का सम्मान करते हैं, आइए हम भारत को वैश्विक खेल मंच पर एक महाशक्ति बनाने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करें।



इससे पहले मंगलवार को जय शाह को निर्विरोध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का अगला अध्यक्ष चुना गया। शाह, जिन्होंने अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव और जनवरी 2021 से एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है, 1 दिसंबर 2024 को यह प्रतिष्ठित भूमिका ग्रहण करेंगे। आईसीसी की मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले द्वारा तीसरा कार्यकाल न लेने का निर्णय लेने के बाद शाह अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकित व्यक्ति थे।

# प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**मुरादाबाद। एजेंसी**

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के निदेर्शानुसार स्व. मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को बालक/बालिका वर्ग की जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग 25 किलोभार में प्रथम तनविका, द्वितीय मायरा, तृतीय मानवी रहीं।

प्लस 30 किलो में प्रथम मान्या, द्वितीय स्थान हिमांशी, प्लस 35 किलो में प्रथम स्थान लगन, द्वितीय स्थान कविता व तृतीय स्थान परी और रोनक का रहा। प्लस 40 किलो में प्रथम सुहानी द्वितीय कर्निका तृतीय राधिका व तनवी रही।


प्लस 50 किलो में प्रथम स्थान पर लकी, प्लस 55 किलो में प्रथम मुन्नी चौधरी, द्वितीय ख्याति, बालक वर्ग प्लस प्रथम स्थान कार्तिक, द्वितीय रुद्राक्ष हिमांशु द्वितीय आदित्य तृतीय रूद्राक्ष प्लस 30 किलो प्रथम स्थानआयुषमान तृतीय यश प्लस 35 किल प्रथम स्थान अभिनव द्वितीय स्थान अर्थव तृतीय स्थान विराट प्लस 40 प्रथम यश तृतीय, हर्षित अभिनव प्लस 50 किलो प्रथम आयुष द्वितीय अर्पित तृतीय, आशु प्लस 55किलो में प्रथम आदित्य द्वितीय सत्यम तृतीय शुभ दुष्यन्त रहे।

## वाणिज्य

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरूआती कारोबार के दौरान खरीदारी का जोर बना हुआ नजर आ रहा है। कारोबार की मिली-जुली शुरूआत हुई थी। सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ खुला था, जबकि निफ्टी ने गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार की शुरूआत की थी। हालांकि बाजार खुलते ही खरीदारी का जोर बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में तेजी आ गई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.24 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस, बजाज ऑटो और टाटा मोटर्स के शेयर 2.16 प्रतिशत से लेकर 0.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, कोल इंडिया, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 1.30 प्रतिशत से लेकर 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।



अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,230 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,194 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,036 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

### कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार- चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमत पूर्ववत है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन गुरुवार को शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.12 डॉलर यानी 0.15 फीसदी की बढ़कर के साथ 78.77 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.18 डॉलर यानी 0.24 फीसदी की उछाल के साथ 74.67 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध है।

### महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** लगातार चार दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी नजर आ रही है। इस तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,410 रुपये से लेकर 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67,310 रुपये से लेकर 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी का रुख बना हुआ है। कीमत में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 88,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# गौतम अडाणी का परिवार बना देश का सबसे अमीर फेमिली, अंबानी परिवार को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

अडाणी समूह के चेयमैन एवं जाने-माने उद्योगपति गौतम अडाणी का परिवार रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) प्रमुख मुकेश अंबानी के परिवार को पीछे छोड़कर देश का सबसे अमीर परिवार बन गया है। हुरुन इंडिया ने 2024 की जारी अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

हुरुन इंडिया की 2024 के लिए जारी अमीरों की सूची के मुताबिक 11.6 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ 62 वर्षीय गौतम अडानी और उनके परिवार ने मुकेश अंबानी के परिवार को पीछे छोड़ते हुए अमीरों की सूची में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, मुकेश अंबानी के परिवार की कुल संपत्ति 10.15 लाख करोड़ रुपये है। अंबानी परिवार की संपत्ति में एक साल में इसमें 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।



हुरुन इंडिया की ये रिपोर्ट 31 जुलाई, 2024 तक संपत्ति की गणना के आधार पर है। इस रिपोर्ट में दी गई जानकारी के मुताबिक पिछले साल भारत में प्रत्येक 5 दिन में एक नया अरबपति बना है। अडाणी परिवार ने अपनी कुल संपत्ति में पिछले एक साल में 5,65,503 करोड़ रुपये जोड़ा है। गौतम अडाणी का परिवार हुरुन इंडिया की अमीरों की सूची 2024 में शीर्ष स्थान पर है, उनकी संपत्ति में 95 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो अब 11,61,800 करोड़ रुपये है। सूची के मुताबिक पिछले पांच साल में गौतम अडाणी ने शीर्ष 10 में सबसे अधिक संपत्ति वृद्धि दर्ज की है, जो हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद की चुनौतियों के बावजूद 10,21,600 करोड़ रुपये है। पिछले एक साल में अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयर की कीमतों में उल्लेखनीय उछाल दर्ज हुई।

मुकेश अंबानी का परिवार हुरुन इंडिया अमीरों की सूची 2024 में 1,014,700 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिलायंस ने घोषित किया बोनस शेयर, नई एआई सेवाएं, 100 जीबी क्लाउड स्टोरेज और ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा निवेश

- 47वीं वार्षिक आम बैठक में की महत्वपूर्ण घोषणाएं




**चमकता राजस्थान/मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने अपनी 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में गुरूवार को कई प्रमुख घोषणाएं कीं। कंपनी के आगामी निदेशक मंडल की बैठक में शेयरधारकों को 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की सिफारिश की जाएगी। इस बाबत बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग 5 सितंबर को होगी। चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बताया कि रिलायंस ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.7 लाख नई नौकरियां दी हैं, जिससे कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 6.5 लाख से अधिक हो गई है।

मुकेश अंबानी ने रिलायंस जियो को 8 वर्षों में दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल डेटा कंपनी बनने की सफलता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जियो नेटवर्क पर दुनिया का 8 फीसदी मोबाइल डेटा ट्रैफिक चलता है। वहीं, जियो एयर फाइबर का लक्ष्य हर 30 दिनों में 10 लाख घरों को जोड़ कर रिकॉर्ड 10 करोड़ घरों तक पहुँचना है। इस मौके पर अंबानी ने जियो एआई-क्लाउड वेलकम ऑफ़र की भी घोषणा की। इसके तहत सभी डिजिटल सामग्री और डेटा को सुरक्षित रूप से रखने और एक्सेस करने के लिए 100 जीबी तक का मुफ़्त क्लाउड स्टोरेज दिया जाएगा।

रिलायंस ₹जियो ब्रेन₹ के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सेवाएं लॉन्च करेगी, जो ₹एआई एवरीवेयर फॉर एवरीवन₹ थीम पर आधारित होंगी। कंपनी जामनगर में गीगावाट-स्केल एआई-तैयार डेटा सेंटर स्थापित करने की भी योजना बना रही है। इसके साथ ही, रिलायंस अपने न्यू एनर्जी बिजनेस को 5 से 7 वर्षों में ऑयल-टू-केमिकल बिजनेस के समान कमाई तक पहुंचाने का लक्ष्य रखती है।

मुकेश अंबानी ने कहा कि कंपनी 2025 तक 55 ऑपरेटिंग कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित करेगी, जिससे किसानों को ऊर्जा का स्त्रोत बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में 30,000 से अधिक नौकरियां पैदा करने की योजना है। कंपनी ने इस क्षेत्र में 75,000 करोड़ तक निवेश की योजना बनाई है।

### गणपति सेवा समिति सदस्यों की हुई बैठक

**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित गणपति मार्केट में गणपति सेवा समिति सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें आगामी 7 सितम्बर को आयोजित गणेश महोत्सव को लेकर कमेटी गठित कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। कमेटी में गोविन्द बिंदल को अध्यक्ष व अन्नू गुप्ता को मंत्री नियुक्त किया गया। बाद में कमेटी अध्यक्ष ने 18 वां गणेश महोत्सव को धूमधाम से मनाने व शोभायात्रा सहित अलग कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। बैठक में संतोष गुप्ता, संजय गुप्ता, वीरेन्द्र फौजदार, डॉ सतीश शर्मा, महेन्द्र लवानिया, मोहन मोरदानी,पिक्कू फल थोक विक्रेता, वीरीसिंह, बालकिशन, डॉ हरिओम सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

# राजस्थान में नवाचार से आकर्षित होंगे देशी-विदेशी पर्यटक : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान






**जयपुर, 29 अगस्त।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को गोवा की राजधानी पणजी में पश्चिमी और मध्य राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में नवाचार, पर्यटकों की सुविधा बढ़ाने, सांभर और खींचन को विकसित करने, धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ाने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए पर्यटन के ढांचागत विकास विकास का कार्य सघनता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिरों और धार्मिक स्थलों का नवीनीकरण किया जाएगा, जिसमें मरम्मत, आगंतुक सुविधा में वृद्धि और पहुंच में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य इन स्थलों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को संरक्षित करना और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करना है।

उपमुख्यमंत्री ने पर्यटन मंत्रालय के निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त की जिसने राजस्थान में पर्यटन के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान और पर्यटन एक दूसरे के पर्याय हैं। जीवन, संस्कृति, विरासत, कला, शिल्प, विविध भूभाग, किले, महल, रेगिस्तान, पहाड़ियाँ, बाघ पार्क, अभयारण्य सब कुछ राजस्थान की विशेषता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान 9 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों का घर है।

यहां छह विश्व प्रसिद्ध पहाड़ी किलों सहित, 4 राष्ट्रीय उद्यानों और 25 से अधिक वन्यजीव अभयारण्यों के साथ एक समृद्ध सांस्कृतिक और वन्य जीवन अनुभव प्रदान करता है। राज्य में थार रेगिस्तान से लेकर हरे-भरे अरावली पर्वतमाला के विविध परिदृश्य, लोक संगीत और नृत्य की समृद्ध परंपराएं, मसालेदार और विविध व्यंजनों का स्वाद और गर्मजोशी भरे आतिथ्य का अनुभव है जो इस क्षेत्र की विशेषता है। राजस्थान पर्यटन के सभी प्रकार के यात्रा कार्यक्रम और बजट वर्गों को पूरा करता है।

राजस्थान विजन 2047 - विकसित राजस्थान के लक्ष्य के साथ, अब हम राज्य को एक प्रमुख वैश्विक गंतव्य में बदलना चाहते हैं। हम अंतरराष्ट्रीय आयोजनों को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और सुविधाओं का विकास कर रहे हैं।

इस वर्ष के बजट में, हमने राजस्थान पर्यटन अवसंरचना और क्षमता निर्माण कोष (आरटीआईसीएफ) बनाया है और हमारा लक्ष्य पर्यटन अवसंरचना, आधुनिक सुविधाओं, पर्यटन सूचना केंद्रों और आतिथ्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उन्नत करने में 5000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करना है।

मंदिरों, बावड़ियों और संग्रहालयों सहित विरासत स्थलों के संरक्षण और नवीनीकरण के साथ-साथ विरासत पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, ग्रामीण, पर्यावरण और साहसिक पर्यटन पर हमारा विशेष ध्यान है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, योजना सांभर झील और खींचन संरक्षण रिजर्व जैसे प्रमुख प्राकृतिक स्थलों पर केंद्रित है। भारत की सबसे बड़ी अंतर्देशीय नमक झील और एक जैव विविधता हॉटस्पॉट, जो अपनी जीवंत राजहंस आबादी और विरासत मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। हम इस क्षेत्र को एक लक्जरी पर्यावरण-अनुकूल टेंट सिटी, उन्नत आगंतुक सुविधाओं और बेहतर सड़क पहुंच के साथ एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन विकास को संतुलित करते हुए पर्यावरण-अनुकूल बुनियादी ढांचे का विकास करना है।

## बाड़ी शहर के गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान



**धौलपुर (रामदास तरुण ) बाडी :-** लालजीत कॉलोनी सरमथुरा रोड बाड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार का प्रमोशन एडिशनल एसपी ( एसीबी ) बाड़मेर होने पर किया गया, विदाई समारोह आयोजित, आज रामदास तरुण वरिष्ठ पत्रकार एवं शहर गणमान्य लोगों के द्वारा फैटा एवं पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया! एडिशनल एसपी (एसीबी ) के पद पर हुआ है! तबादला, इस मौके पर समाज के गणमान्य लोगों ने दी भावभीनी विदाई दी, और कहा कि नरेंद्र कुमार एक सरल स्वभाव एवं जनता के हितेषी अधिकारी रहे, और अपराधियों में हर समय भय बना रहा, जनहित के कार्यों में 24 घंटे सेवा में हाजिर रहे! आपका प्रमोशन हुआ है! खुशी का माहौल, बाडी में आपके कार्यकाल में क्राइम कंट्रोल में रही है! क्राइम कंट्रोल में आपकी अहम भूमिका रही है! इसी तरह आप बाड़मेर में भी कार्य करते रहें! इस कार्यक्रम के मौके पर अशोक कुमार राज. पुलिस, होरीलाल गनमैन, रामखिलाड़ी रिटायर्ड थानेदार, रामचरन पीटीआई, राजूलाल अजर, कप्तानसिंह, बबुआराम एडवोकेट, हरिदास तरुण, मनीष कुमार तरुण, विशो देवी तरुण, कमला देवी तरुण, लक्ष्मीदेवी तरुण, आदि लोग मौजूद रहे।

## गंभीर नदी में फिर से डूबा एक व्यक्ति



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** रुदावल थाना इलाके में गंभीर नदी की सपाट पार करते समय एक व्यक्ति नदी में गिर गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम द्वारा युवक की तलाश की जा रही है। रुदावल थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे चहल गांव का रहने वाला व्यक्ति विष्णु (30) मजदूरी के लिए बयाना जा रहा था। इस दौरान वह गांव से जा रही गंभीर नदी की सपाट को पार करने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और गंभीर नदी में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बंध बारैठा चौकी इंचार्ज भरत लाल सहित रुदावल थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत मौके पर पहुंचे। जिसके बाद मौके पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। फिलहाल स्थानीय लोगों की मदद से व्यक्ति की तलाश की जा रही है। सपाट पर काई जमा होने के कारण व्यक्ति का पैर सपाट से फिसल गया था। आपको बता दें कि अब तक गंभीर नदी में डूबने से लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

## जयपुर में लोकेंदर कालवी के जन्म दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम, एवं राजस्थान की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** की रिपोर्ट जयपुर में लोकेंद्र कालवी के जन्मदिवस के मौके पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ! इस कार्यक्रम के मौके पर राजस्थान की कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया! इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, राजेंद्र राठौड़, हवा महल विधायक बालकिशन महाराज, सांसद आनंदपाल, गिराज मलिंगा बाड़ी के कर कमलों से डॉ. रामकेस परमार धौलपुर एवम नरोतम परमार अंगाई एवम रामोतार फोजी तसीमो को सम्मानित किया गया! इस मौके पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि समाज के लिए ऐसे कार्यक्रम होना आवश्यक हैं! इससे समाज में मोटिवेट होता है! अच्छे लोग काम करते हैं! उनका मान सम्मान होना चाहिए पूर्व विधायक गिरिराज मलिंगा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को ऊर्जा मिलती है! और समाज में शिक्षा के महत्व की ओर आवश्यकता है! जिन लोगों को सम्मान प्राप्त हुआ उन लोगों ने भी समाज के इन महान भावों को तहे दिल से धन्यवाद दिया! इस मौके पर हजारों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे!



# भाजपा शासन में आम नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा : डोटासरा

चमकता राजस्थान




**जयपुर, 29 अगस्त।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस के संभाग प्रभारी उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी महासचिव तथा जिला कांग्रेस अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी वॉर रूम में लेकर सभी उपस्थित कांग्रेस नेताओं से संगठन के सुदृढ़ीकरण हेतु संवाद किया तथा गतिविधियों की रिपोर्ट व फीडबैक प्राप्त कर आगामी कार्यक्रमों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश सभी पदाधिकारियों को प्रदान किए।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के शासन में आम नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है तथा कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, पानी,बिजली, सड़क, चिकित्सा एवं शिक्षा जैसे मूल आवश्यकता उपलब्ध करवाने में प्रदेश की सरकार पूर्णतया विफल रही है इसलिए प्रदेश की जनता अपने अधिकारों के संरक्षण हेतु उम्मीद भरी नजरों से कांग्रेस की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को अधिकार दिलवाने एवं उनकी समस्याओं के निदान हेतु कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है किन्तु यह तभी संभव होगा जब कांग्रेस के सभी पदाधिकारी संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु अपना पूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिला कांग्रेस कमेटियां कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण इकाईयां है तथा संभाग एवं जिला प्रभारी पदाधिकारी प्रदेश कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटियों के बीच सेतु के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन की मजबूती हेतु सभी इकाईयों को सक्रियता के साथ जनता के मध्य भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटियों का दायित्व है कि अपने-अपने क्षेत्राधिकार के ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों की सक्रियता बढ़ाने हेतु प्रेरित करें तथा जिला कांग्रेस कमेटियों के गतिविधियों एवं सक्रियता की मॉनिटरिंग का दायित्व प्रभारी पदाधिकारियों का है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा सभी जिला कार्यकारिणियों, ब्लाॅक एवं मण्डल कार्यकारिणियों के गठन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए है जिनकी पालना करवाना एवं उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दायित्व प्रभारी पदाधिकारियों का है। उन्होंने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी का दायित्व है कि जिले के सभी महत्वपूर्ण कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पूर्व पदाधिकारियों, पूर्व जनप्रतिनिधियों को बैठकों में आमंत्रित करें तथा सभी से सुझाव प्राप्त कर जिले में नियमित रूप से सामाजिक गतिविधियां चलाएं।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया है कि जिले के सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता जो वर्तमान में पदाधिकारी नहीं है, उन्हें ब्लॉक, मण्डल एवं जिला कार्यकारिणियों में स्थान देने हेतु जिला प्रभारियों से चर्चा कर सूची प्रदेश कांग्रेस के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक एवं मण्डल स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को विस्तारित कार्यकारिणी में स्थान प्रदान करने हेतु प्रभारी पदाधिकारियां से चर्चा कर जिलाध्यक्ष ब्लॉक एवं मण्डल की विस्तारित कार्यकारिणी का अनुमोदन करें। उन्होंने जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया कि जिला स्तर के सक्रिय कार्यकर्ताओं को विस्तारित कार्यकारिणी में शामिल करवाने हेतु नामों की सूची जिला प्रभारी पदाधिकारी को सौंपे तथा प्रभारी पदाधिकारी जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं से इन नामों पर चर्चा कर प्रदेश कांग्रेस को सूची सौंपेंगे तथा प्रदेश कांग्रेस द्वारा ऐसी सूची पर निर्णय लिया जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी के विस्तार की अनुमति प्रदान की जाएगी।

डोटासरा ने उपस्थित जिलाध्यक्षगणों को निर्देशित किया कि अखिल भारतीय कांग्रेस तथा प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदत्त कार्यक्रमों के अलावा प्रत्येक तीन माह में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आवश्यक रूप से आयोजित हो तथा बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी प्रभारी पदाधिकारियों के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी जाएं। डोटासरा ने कहा कि प्रत्येक दो माह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक आयोजित की जाना आवश्यक है, इसी प्रकार सभी मण्डल कांग्रेस कमेटियों को माह में एक बार मीटिंग आयोजित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों की बैठक नियमित रूप से आयोजित हो इसकी जिम्मेदारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष की है। डोटासरा ने जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया कि यदि जिला कांग्रेस कमेटी उचित समझे तो ब्लॉक कांग्रेस के लिए जिला पदाधिकारी को प्रभारी के तौर पर दायित्व प्रदान करें। उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों के लिए निर्देश जारी किए है कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की बूथ कमेटियों का गठन कर बीएलए नियुक्त कर प्रभारी पदाधिकारी से सूची अनुमोदित करवा कर जिलाधीश के समक्ष पेश कर नियुक्ति करवाएं। डोटासरा ने कहा कि प्रत्येक 6 माह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक आयोजित होगी जिसमें प्रभारी प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्षों की बैठक लेकर गतिविधियों का फीडबैक लेने के साथ ही आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी।

डोटासरा ने प्रदेश में आगामी 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप-चुनावों में सभी कांग्रेस पदाधिकारियों को पार्टी के प्रचार हेतु अपने-अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों मे जाने हेतु निर्देशित किया है।

डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में होने वाले आगामी सभी पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाने हेतु अभी से रणनीति बनाना आवश्यक है। उन्होंने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया है कि पंचायत राज एवं नगर निकाय के आगामी चुनाव हेतु प्रदेश प्रभारी पदाधिकारी के साथ मिलकर चुनाव अभियान की रूपरेखा तैयार करें।

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश प्रभारी पदाधिकारियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार 15 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के ब्लॉक अध्यक्षों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए है।नियुक्त किए ब्लाक अध्यक्ष में फूलसिंह गुर्जर को अकलेरा ब्लॉक, पोरस साहू को मनोहरथाना, हेमंत कुमार शर्मा को रामगंजमण्डी ''ए'', देवेन्द्र सिंह को रामगंजमण्डी ''बी'', रविन्द्र परमार को बसेड़ी, रघुवीर सिंह मीणा को सरमथुरा, करनाराम मेघवाल को बाड़मेर शहर, देवराज चौधरी को बाड़मेर ग्रामीण, राजीवर सिंह चौधरी को कठूमर, मैनेजर हरीकिशन मीणा को खेड़ली, प्रकाश चन्द कानूनगो को हवामहल, रामचरण मीना को टोडाभीम, श्रीमती लक्ष्मी धोलखेड़िया को अजमेर दक्षिण ''ए'', चन्दन सिंह को अजमेर दक्षिण ''बी'' तथा राजेन्द्र गिल को गुढ़ा ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929